CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 18° C

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ऑपरेशन सिंदूरः कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI खेल टाइम्स



वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी सम्पादकीय



ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

दुबई, वार्ता



■ क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।

### ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

### नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



■ तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाः मुख्यमंत्री योगी

तसलीम कुरैशी



■ कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्याः सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदीः चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रियाः मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।



पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।

### मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
■ तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलतः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सुभेंदु के निजी सहायक की हत्या की भाजपा ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के नेता सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। भाजपा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, खूनी खेल बंद करो! बंगाल में राजनी. तिक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा ने कहा कि इस आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। गौरतलब है कि अधिकारी के करीबी माने जाने वाले चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम के दोहरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात हमलावर मोटर साइकिलों पर आए और रथ के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

### संजय सिंह मामले में अब 14 मई को होगी अगली पेशी

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुलतानपुर दीवानी न्यायालय स्थित की एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को मामले के विवेचक के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली पेशी के लिए न्यायालय ने 14 मई की तारीख नियत की है। आप नेता संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि यह मुकदमा बंधुआ कला थाने में दर्ज किया गया था और इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में लगभग सभी साक्ष्य पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को विवेचक की गवाही होनी थी।

### सीएम योगी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत की

# सही आंकड़े ही समग्र विकास का आधार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज का दौर डेटा आधारित निर्णयों का है और

**सफल संचालन के लिए 5.47 लाख कर्मचारियों की तैनाती**

जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जनगणना से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### सहारनपुर की पहचान फतवों से नहीं, विकास कार्यों से

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार बीजेपी ने सरकार बनाकर उन राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को आईना दिखाया है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज का भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे बड़ी मिसाल बन चुका है। उन्होंने दारुल उलूम से जारी होने वाले फतवों को लेकर कहा कि सहारनपुर की पहचान पहले फतवों से हुआ करती थी, लेकिन अब विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत साबित करती है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें, तो सरकार दोबारा बनती है, लेकिन जो दल देश और समाज को धोखा देते हैं जनता उन्हें खत्म करने में देर नहीं लगाती। सीएम ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए बंगाल का जनादेश एक संदेश है। कहा कि 2016 में यह इलाका दंगों के कारण बदनाम हुआ था और एक समय सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन अब विभाजनकारी मंसूबों को खत्म करने का समय है। योगी ने कहा कि समाज के विभाजन की राजनीति करने वाले दल देश और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जनता अब ऐसे राजनीतिक दलों को जवाब देने लगी है। देवबंद में सीएम ने कहा कि विकास का विकल्प नहीं है, हमें बंटना नहीं है, विभाजित नहीं होना है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले, फतवे की संस्कृति पर विश्वास करने वाले अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए जाति का सहारा लेते हैं, जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उनके लिए आईना है बंगाल।

# यूपी-बिहार में होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली, वार्ता



मौसम विभाग ने 7 मई से 12 मई के बीच देश के कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत में बदलते मौसम के कारण आंधी-तफूान, भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कम से कम 13 राज्यों में मौसम खराब रहने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और आंधी आ सकती है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार इससे भी ज्यादा होने की संभावना है। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने गुरुवार को खासकर दोपहर और शाम के समय हल्की आंधी और बिजली कड़कने का अनुमान जताया है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और नई दिल्ली जैसे इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चल सकती है। दिल्ली से सटे शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत बस कुछ समय के लिए है। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। वीकेंड (शनिवार-रविवार) तक दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

### दस से तेरह मई तक का मौसम

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 10 मई की रात से जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद 11 से 13 मई के बीच बारिश का यह सिलसिला जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राजस्थान तक फैल जाएगा। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के कम से कम 40 जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ, बरेली, आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर, बहराइच, बलिया और गाजीपुर सहित कई जिलों में बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार के पटना और गया जैसे शहरों में आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बारिश लाने वाला पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर होकर पूर्व की ओर बढ़ गया है, जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम फिलहाल थोड़ा शांत है।

# सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डा. मांडविया ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गई बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डा. मांडविया ने कहा कि भारत श्रम संहिता के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले पहले देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी लाभार्थियों की संख्या भी लगभग सात करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गई।

# बीजेपी व चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा: अखिलेश यादव

कोलकाता, वार्ता

बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कोलकाता पहुंचकर निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाक. ात की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। बीजेपी और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा है।

ममता के कालीघाट आवास पर हुई इस मुलाकात में अखिलेश ने कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। उन्होंने ममता को उपहार भी भेंट किए। अखिलेश ने इस दौरान ममता के सांसद भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को गले लगाय। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद



**कोलकाता पहुंचकर सपा मुखिया ने ममता से की मुलाकात**

निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया।अखिलेश यादव कोलकाता में टीएमसी प्रमुख के आवास पर ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से मिले। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'दीदी' हारी नहीं है। बीजेपी ने जो-जो बंगाल में किया है, यूपी में उसका पहले ट्रायल किया और फिर बंगाल में उसे बड़े पैमाने पर किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यूपी बाय-इलेक्शन से ज्यादा तस्वीरे आई होंगी, बंगाल में जो हुआ है, उसने लोकतंत्र को डैमेज किया। बीजेपी की आंखों में दीदी खटकती है और बीजेपी सामंती सोच की है, ये नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते है। उन्होंने बीजेपी की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आधी-अधूरी सीएम कहा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीज. ेपी अराजकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने टीएमसी के कार्यालय को जलाने पर कहा कि सुरक्षा देने की जिम्मेदारी किसकी थी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री की, सुना है 3 लाख से ज्यादा फोर्स भेजी गई थी। उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग थे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77844.52
निफ्टी 24326.65

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा और इस बीच दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 77,844.52 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त में खुलने का बाद आज दिन भर कभी लाल तो कभी हरे निशान में ऊपर-नीचे होते रहे। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 78,384.70 अंक और नीचे 77,713.21 अंक तक गया। वृहत बाजार में अच्छी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.87 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सार्वजनिक बैंकों से सूचकांक फिसल गए जबकि ऑटो, रियलटी, निजी बैंकों और धातु समूहों के सूचकांक ऊपर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में भी एक से डेढ़ फीसदी की तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंटटी और बीईएल के शेयर भी ऊपर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलि. वर का शेयर दो फीसदी के करीब टूट गया। टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन और सन फार्मा एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान में रहे।

### क्रैश होने के बाद सोना-चांदी की भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतें हाई से क्रैश होने के बाद अब एक बार फिर से रफ्तार पकड़े हुए नजर आ रही हैं। गुरुवार को खुलने के साथ ही चांदी की कीमत में फिर से उछाल आया है। बीते कारोबारी दिन 2,53,265 रुपये पर क्लोज हुई वायदा चांदी ओपनिंग के साथ ही उछलकर 2,57,055 रुपये पर पहुंच गई। इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को जरूर चांदी का भाव टूटा था और 2,43,895 रुपये पर आ गई थी। बुधावार को 5 जून की एक्सपायरी वाले गोल्ड का रेट एमसीएक्स पर 1,52,132 रुपये पर क्लोज हुआ था और गुरुवार को ओपनिंग के साथ ही 1,52,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। भले ही इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोना तेज रफ्तार से भागता हुआ नजर आ रहा है।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये गिरकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी नौ रुपये उतर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल और



चना दाल 30-30 रुपये गिर गई। मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4,538 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 46 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति 41 रुपये और मूंगफली तेल 39 रुपये फिसल गया। सोया तेल की औसत कीमत 32 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7646.58 रुपये, मसूर काली 8105.63 रुपये, मूंग दाल 10140.90 रुपये, उड़द दाल 10808.99 रुपये, तुअर दाल 11238.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले

**हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता**

शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

# कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने



**ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना**

**युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी**

विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

# 200 रुपये नहीं देने पर हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में जब एक बुजुर्ग में एक नशेड़ी को पैसे देने से मना किया तो नशेड़ी ने ताबड़तोड़ चाकू से वार करके उनकी जान ले ली।

मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान फकरूदीन (50) के रूप में हुई है जबकि आरोपी की पहचान मो. हसिन (34) के रूप में हुई है स मृतक अपने परिवार अपने परिवार के साथ बुलंद मस्जिद के पास, शास्त्री पार्क में रहते थे, बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने भाई की दुकान की तरफ टहलने निकले थे, जब वह फिश मार्किट में अपने भाई से बात कर रहे थे तभी वहां नशे की हालत में मो. हसिन पहुंचा ओर उनसे नशे के लिए 200 रूपये मांगने लगा, जब फकरूदीन ने पैसे देने से इंकार किया तो मोहसिन ने एक बड़ा सा चाकू



निकालकर उनपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, मौके पर मोजूद शफरुद्दीन ने अपने भाई को बचाने का प्रयास किया पर वह नाकाम रहा, चाकू मारने के बाद मोहसिन मौके से फरार हो गया।

मृतक के भाई ने मामले की सूचना परिवार को दी, उनके परिवार के सदस्य उनको घायल अवस्था में लेकर जगप्रवेश चंद अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने एफआईआर नंबर 135/2026 ओर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित साक्ष्य एकत्र किए और हत्या में शामिल आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोहसिन (34 वर्ष), पुत्र रहीसुद्दीन, निवासी कबीर नगर, बाबरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसका मृतक के साथ विवाद चल रहा था। विस्तृत सत्यापन पर पता चला कि आरोपी मोहसिन पहले चोरी और लूट से संबंधित सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर ऑटोमेटेड ई-चालान व्यवस्था लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर ऑटोमेटेड ई-चालान लागू हो गया। अगर आप ने लापरवाही से वाहन चलाया तो एएनपीआर कैमरा इसे कैद कर लेगा और चालान कट जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त शोभित सक्सेना ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल -जीएमआर) ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से आईजीआई एयरपोर्ट के पूरे सड़क नेटवर्क पर एक उन्नत ऑटोमेटेड ट्रैफिक लागू करने वाला सिस्टम शुरू किया है। इस टेक्नोलॉजी-आधारित पहल का मकसद सड़क सुरक्षा को बढ़ाना, ट्रैफिक अनुशासन को मजबूत करना और एयरपोर्ट के आस-पास गाड़ियों की आवाजाही को सुचारू बनाना है। उन्होंने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट इलाके की अहम जगहों पर अभी 14 हाई-डेफिनिशन एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरे लगाए जा चुके है। 35 और एएनपीआर कैमरे लगाने का काम चल रहा है और उन्हें जल्द ही चालू किया जाएगा।

यह ऑटोमेटेड सिस्टम कई तरह के ट्रैफिक उल्लंघन का पता लगाएगा और ई-चालान जारी करेगा। इनमें तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना, अवैध पार्किंग, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना, स्टॉप-लाइन का उल्लंघन और रेड-लाइट जंप करना शामिल है। सेंट्रल स्पाइन रोड, कार्गो टर्मिनल इलाका, रंगपुरी इलाका, सेंटॉर होटल जंक्शन, एयरोसिटि, एनएसजी जंक्शन और टर्मिनल 1 से बाहर निकलने वाली सड़क पर कैमरे लगाए गए हैं।

# ऑटो-लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़ दो सीसीएल सहित तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर जिला पुलिस के सराय रोहिल्ला थाने की टीम ने ऑटो-लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़ कर दो सीसीएल सहित तीन सदस्यों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से ग्यारह चोरी के दोपहिया वाहन और अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी बरामद की है।

पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर मोटर वाहन चोरी के कुल बारह मामलों को सुलझा लिया है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि :29.अप्रैल को सराय रोहिल्ला थाने में शिकायतकर्ता द्वारा एक ऑनलाइन ई एफआई आर दर्ज कराई गई जिसमें उसने बताया कि 28 अप्रैल की रात को, उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह, उनकी बाइक वहां से चोरी मिली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी सराय रोहिल्ला सुशील कुमार की देखरेख में एसएचओ सराय रोहिल्ला विकास राणा के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, टीम ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया, जिसमें दो व्यक्तियों को उक्त बाइक चोरी करते हुए देखा गया। इसके बाद टीम ने उनमें से एक आरोपी निखिल (25) को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर ग्यारह दोपहिया वाहन विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए, जहां उसने इन वाहनों को छिपाकर रखा था ।उसने बताया कि इनमें से ज्यादातर दोपहिया वाहन दो नाबालिगों ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से चुराए थे। ये दोनों उसके गैंग के लिए काम करते थे और आस-पास के इलाकों में ही रहते थे। उसकी निशानदेही पर, दोनों नाबालिगों को भी पकड़ लिया गया।

जांच के दौरान, आरोपी निखिल ने बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर इस मामले में शिकायतकर्ता की बाइक चुराई थी। वह पिछले एक साल से मोटर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

# केंद्र सरकार की पहलों को लागू करने में दिल्ली बनेगी रोल मॉडलः कपिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रमेव जयते' संकल्प की दिशा में देश में नई श्रम संहिता के अंतर्गत 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच की पहल पर दिल्ली सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का दिल्ली सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया। गुरूवार को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बसई दारापुर से इस पहल के शुभारम्भ के दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली सरकार की प्राथमिकता हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि योजना के अंतर्गत 40 वर्ष से ऊपर सबसे संवेदनशील आयु वर्ग होता है।

अगर पहले से ही स्वास्थ्य परीक्षण हो जाएगा तो समय रहते उसका उपचार होगा। इससे श्रमिक भाइयों-बहनों के साथ ही उनका परिवार बड़ी विपत्ति से बच जायेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पूरे देश में श्रमिकों के लिए जिस प्रकार की नीतियों का निर्माण किया जा रहा है, इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, कानून बनाए जा रहे हैं, उनमें प्रधानमंत्री जी का विशेष विजन रहा है। श्रम मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशों और सुझावों पर दिल्ली सरकार लगातार सुधारों पर कार्य कर रही है। दिल्ली की महिला श्रमिक बहनों के लिए बहुत सारे नियमों में परिवर्तन किए हैं। उन्हें 24 घंटे काम करने में जो कानूनी बाधाएँ आती थीं, उन सभी बाधाओं को दिल्ली सरकार ने दूर किया है। अब रात में भी दिल्ली की महिला श्रमिक बहनें चाहें तो विभिन्न प्रतिष्ठानों में काम कर सकती हैं।



बसई दारापुर में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का शुभारम्भ करते श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा।

## एक नजर

### पुल प्रहलादपुर स्थित पार्क के पास मुठभेड़, बदमाश के पैर में गोली मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुल प्रहलादपुर काया माया अस्पताल के पास स्थि एक पार्क के नजदीक घोषित बदमाश सुनील उर्फ सेठी उर्फ देवा को एक मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल और कारतूस, मोबाइल फोन व कारतूस के खोल बरामद किये हैं। पुलिस आरोपी से हथियार के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को रात दस बजे काया माया अस्पताल के पास स्थित पार्क के नजदीक गोविंदपुरी पुलिस के घोषित बदमाश सुनील के आने की जानकारी मिली थी। बताया गया गया था कि बदमाश के पास पिस्टल भी हो सकती है, जो पकड़े जाने के वक्त गोली चला भी सकता है। एसीपी आकाश अग्रवाल की देखरेख में एसएचओ के निदेशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। जब उसको आत्मसमर्पण करने के लिये कहा। अचानक से उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल बाल बचे। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने आरोपी के पैर में गोली चला दी। वह कुछ हरकत कर पाता। उसको मौके पर ही दबोच लिया गया। उसको नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताकर छुट्टी दे दी।

### अमेजन ग्रेट समर सेल आधी रात से

**नई दिल्ली।** अमेजन.इन की अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 आज आधी रात से शुरू हो रही है। 'समर का सांता ' थीम पर आधारित यह सेल ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स, नए लॉन्च और बड़ी बचत लेकर आई है। इस सेल में स्मार्टफोन्स, फैशन, ब्यूटी, होम और किचन प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े अप्लायंसेज, ग्रोसरी और रोजमर्रा की जरूरतों के सामान पर आकर्षक डील्स मिलेंगी।

अमेजन इंडिया इस बार एआई -पावर्ड शॉपिंग अनुभव को भी नए स्तर पर ले जा रहा है। ग्राहक रेफ्यूज के जरिए आसान भाषा में सवाल पूछकर अपने लिए सही प्रोडक्ट्स खोज सकते हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों के लिए गर्मियों की खरीदारी को अधिक आसान, तेज और फायदेमंद बनाना है।

### रात में बाधित रहेंगी एटीवीएम सेवाएं, यात्रियों को होगी परेशानी

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के लिए जरूरी सूचना है। उत्तरी क्षेत्र में आटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन सेवाएं गुरुवार रात से शुक्रवार तड़के तक प्रभावित रहेंगी। इस दौरान यात्री मशीनों से टिकट नहीं ले सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम द्वारा एटीवीएम डाटाबेस के रखरखाव का कार्य किया जाएगा। यह काम रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य आनलाइन टिकट प्रणाली को अधिक बेहतर और सुरक्षित बनाना है। रखरखाव के दौरान टिकट और स्मार्ट कार्ड रिचार्ज की सुविधा सिकंदराबाद स्थित आपदा पुनर्प्राप्ति सर्वर से संचालित की जाएगी।

### उपराज्यपाल ने डीडीए के नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दिल्ली विकास प्राधिकरण के एक समारोह में 1,647 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसमें 26 पदों पर 1,647 नवनियुक्त कर्मचारियों को पदभार ग्रहण कराया गया। इसके साथ ही प्राधिकरण के कर्मचारियों की संख्या में लगभग 55 फीसद की वृद्धि हुई है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि ये नए कर्मचारी राष्ट्रीय राजधानी के विकास और भविष्य के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के संरक्षक हैं। यह पहल रोजगार सृजन और शासन प्रणाली को सुदृढ़ करने पर केंद्रित विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि ये युवा कर्मचारी साल 2047 तक विक. सित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में 'अमृत काल' के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## बेटी संग दुराचार में सौतेला पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में एक सौतेले पिता ने अपनी ही 13 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी जब चार महीने की गर्भवती हो गई। तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने किशोरी के बयान पर मामला दर्ज करके आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बेगमपुर पुलिस को बुधवार एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि राजीव नगर इलाके में एक 13 साल की किशोरी के साथ उसी का सौतेला पिता दुष्कर्म कर रहा है। किशोरी करीब चार महीने की गर्भवती भी हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंची।

# पीरागढ़ी तिहरे हत्याकांड की 300 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पीरागढ़ी फ्लाईओवर के पास कार में मिले तीन शवों के मामले में अदालत में करीब 300 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में बताया गया कि 8 फरवरी को हुई तिहरी हत्या की वारदात सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दी गई, जिसे वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुष्ट किया गया है। घटना 8 फरवरी को सामने आई थी, जब पीरागढ़ी फ्लाईओवर की सर्विस लेन में खड़ी एक कार में तीन लोग रणधीर (76), शिव नरेश (42) और लक्ष्मी (40) अचेत अवस्था में मिले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा आत्महत्या की आशंका से इनकार किए जाने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, चार्जशीट में बताया गया है कि जांच के दौरान कॉल डिटेल रिकॉर्ड, डिजिटल साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से आरोपी कमरुद्दीन की भूमिका स्थापित हुई। चार्जशीट में आरोपी को आदतन अपराधी बताया गया है और उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज मामलों का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस के मुताबिक, वह अब तक 8 हत्याओं में संलिप्त होने की बात सामने आई है, जिनमें दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मामले शामिल हैं। वर्ष 2014 में राजस्थान के धौलपुर जिले और वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में दर्ज मामलों का जिक्र भी चार्जशीट में किया गया है। चार्जशीट में यह भी बताया गया है कि आरोपी लोगों को धनवर्षा का लालच देकर अपने संपर्क में लाता था और जिन्न के नाम पर डर पैदा कर विशेष रूप से महिलाओं को निशाना बनाता था।

# कुलपति ने किया एनसीसी वालेंटियर्स को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के पहले साहित्य महोत्सव में एनसीसी और एनएसएस वालेंटियर्स द्वारा सराहनीय भूमिका निभाने पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि जब हमने दिल्ली विश्व. विद्यालय साहित्य महोत्सव को डिजाइन किया तो हमारे लिए यह बिल्कुल नया था। लेकिन वह अपने आप में एक सफल आयोजन साबित हुआ, और डीयूएलएफ की उस सक्सेस स्टोरी में आप सबका बहुत बड़ा योगदान है। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि आप थे तो हम निश्चिंत थे।प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस का संयोजन बहुत अच्छा रहा और सबने मिलकर अच्छे से कम किया।

कुलपति ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस मनों को मजबूत बनाने का काम करते हैं। ये दोनों संगठन सेवा, करुणा और समर्पण का भाव पैदा करते हैं। इससे नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल राजनीति तक ही सीमित नहीं होता, जब कोई गिरता है और उसे उठाने के लिए जो हाथ बढ़ता है वह नेतृत्व का हाथ होता है।



दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दरियागंज इलाके में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** युवाओं और छात्रों के बीच नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के दिल्ली पुलिस के निरंतर प्रयासों की कड़ी में दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दरियागंज इलाके में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। यह कार्यक्रम एसकेवी स्कूल दयानंद रोड, दरियागंज, में आयोजित किया गया । इस दौरान कक्षा छह से बारहवीं तक की कुल 116 छात्राओं और 11 शिक्षकों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों को उजागर करने वाले सूचनात्मक स्टैंडी (बोर्ड) प्रदर्शित किए गए।

इसके अलावा छात्रों के बीच जागरूकता पर्चे वितरित किए गए। अपराध शाखा के इंस्पेक्टर राकेश दुहान द्वारा पीपीटी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेरक और शैक्षिक सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा मानस हेल्पलाइन (1933) के बारे में जागरूकता फैलाई गई और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक ई-शपथ ली गई।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) राहुल अलवाल ने बताया कि इन कार्यक्रमों में छात्रों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ये सत्र बेहद प्रभावशाली साबित हुए;।स्कूल प्रशासन ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की, ताकि छात्रों को नशे के खतरे के प्रति जागरूक, सचेत और प्रेरित रखा जा सके।ये जागरूकता अभियान, नशे के खतरे से निपटने और हमारे युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में दिल्ली पुलिस के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# ओलंपियाड में छात्रों ने जीते स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** "सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर परिश्रम, अनुशासन व सकारात्मक सोच ही जीवन में ऊंचाइयों तक ले जाती है।" यह प्रेरणादायक उद्‌गार लायंस इंटरनेशनल के रीजन चेयरमेन एम. जे. एफ. लायन वेद प्रकाश रुस्तगी ने मुख्य अतिथि के रूप में बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि लायंस ओलंपियाड केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने का सशक्त मंच है। विद्यालय के चेयरमैन योगेश अरोरा जी ने बताया कि लायंस ओलंपियाड का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना है, जिससे प्रत्येक छात्र अपनी प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़ सके। इस प्रतियोगिता से न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर बेहतर होता है, बल्कि उनमें



आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी विकास होता है। लायंस ओलंपियाड के कोऑर्डिनेटर लायन अनिल कुमार गुप्ता ने अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। लायन्स अध्यक्ष शैलेंद्र मोहन ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। सम्मान समारोह में लायन राम निवास सिंघल, लायन धीरेन्द्र जोशी, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार अग्रवाल आदि अन्य लायन सदस्यों के साथ विद्यालय की सभी अध्यापिकाएँ, विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्वेता गुप्ता सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# महाभारत की कहानी टीवी पर जल्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब लेकर आ रहा है भारतीय महाकाव्य महाभारत की कहानी को उसकी शुरुआत तक। हस्तिनापुर के वीर दर्शकों को पांडवों और कौरवों के बचपन की दुनिया में ले जाता है, जहां उनके अनुभवों ने उनकी सोच और फैसलों की नींव रखी और उन्हें वह बनाया जो बाद में इतिहास में दर्ज हुआ।

शो में पांडवों और कौरवों के शुरुआती रिश्तों और टकराव को दिखाया गया है जहां पांडव सीखते हैं कि कर्म का फल जरूर मिलता है, वहीं कौरव समझते हैं कि ताकत हमेशा उनके पास नहीं रहती। पांडवों की भूमिका निभा रहे हैं अथर खान युधिष्ठिर के रूप में, सुभाष खत्री भीम के रूप में, उर्वा सविलिया अर्जुन के रूप में, हरित गबानी नकुल के रूप में और मयंक यादव सहदेव के रूप में। ये सभी कम उम्र में ही जिम्मेदारी, भावनाओं और पहचान से जूझते नजर आएंगे। हर किरदार अलग तरह से उम्मीदों का सामना करता है युधिष्ठिर का कर्तव्य भाव, भीम का सहज स्वभाव, अर्जुन का खुद को साबित करने का जुनून और नकुल-सहदेव की शांत मौजूदगी, जो अपने तरीके से सीखते और ढलते हैं।

## पोर्टफोलियो में जोड़े नए फ्लेवर्स

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज ने नए दौर की सीजनिंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लांच के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो मे वृद्धि की घोषणा की है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 3706/01-04-22 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम मौ. शाहजेन(MOHD. SHAHZAIN) दर्ज करा दिया गया था, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम मौ. हमदान (MOHD. HAMDAAN) है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। संसोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ. शाकिर**
63, कम्बल वाली गली, लद्दावाला, मुजफ्फरनगर, मो. 7500009966

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# इंटरवर्सिटी गेमिंग चैंपियनशिप, 75 छात्रों ने दिखाया गेमिंग का दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा "InterVarsity Gaming Championship" का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न संस्थानों से कुल 75 छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में गेमिंग स्किल्स के साथ-साथ रणनी. तिक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम को केवल मनो. रंजन तक सीमित न रखते हुए इसे एक सीखने का मंच भी बनाया गया, जहां छात्रों ने गेमिंग के जरिए नई रणनीतियां और कौशल विकसित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस के डायरेक्टर प्रो. डॉ. आर.सी. त्रिपाठी ने फीता काटकर किया।

उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न सिर्फ मनोरंजन देते हैं, बल्कि सोचने और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव एवं वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने भी ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियां छात्रों के समग्र विकास, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल को मजबूत बनाती हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 50 रुपये का पंजीकरण शुल्क रखा गया था। सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया गया और हर प्रतिभागी को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन दिया गया। विज. ेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार भी रखे गए थे, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच और बढ़ गया। इस चैंपियनशिप में एसएमएलए, एसजीयू के बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र भूपेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया।

उन्हें 1011 रुपये का नकद पुरस्कार, मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। वहीं, एसईटी पॉलिटेक्निक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के प्रथम वर्ष के छात्र कुणाल ठाकुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और उन्हें 511 रुपये का नकद पुरस्कार, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा चौधरी और शुभांगिनी मल्होत्रा की अहम भूमिका रही। उनके साथ छात्र समन्वयकों- सुहैल खान, जानवी चौधरी, अंश अग्रवाल और कार्तिक गोयल ने भी पूरे उत्साह के साथ आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराया।

यह पूरी तरह से सेल्फ-सस्टेन्ड इवेंट था, जिसने छात्रों को न सिर्फ उत्साह और मनोरंजन दिया, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धा के बीच नई रणनीतियां सीखने और अपने कौशल को निखारने का मौका भी दिया। कुल मिलाकर, इंटरवर्सिटी गेमिंग चैंपियनशिप छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुई, जहां उन्होंने गेमिंग के साथ- साथ टीमवर्क, रणनीति और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

सूर्य एनक्लेव शिव मंदिर में

# साध्वी दिव्यापुरी के साथ अभद्र व्यवहार

■ **उन्होंने कहा कि यदि हिंदू समाज स्वयं अपने धार्मिक स्थलों और संतों के सम्मान के लिए आगे नहीं आएगा, तो समाज की एकता कमजोर होगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सूर्य एनक्लेव कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में कई वर्षों से सेवा कर रही महा निर्माणी अखाड़ा की साध्वी दिव्यापुरी के साथ कॉलोनी के कुछ लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि मंदिर में गेट लगाए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जिसके बाद एक व्यक्ति ने कथित रूप से नशे की हालत में हंगामा किया और खुलेआम धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि उक्त व्यक्ति किसी से भी डरता हुआ नजर नहीं आ रहा है तथा विधायक, हिंदू रक्षा दल और बजरंग दल का नाम लेते हुए गेट नहीं लगने देने की बात कह रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है।

साध्वी दिव्यापुरी ने समाज के सभी सनातन धर्म प्रेमियों से एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू समाज स्वयं अपने धार्मिक स्थलों और संतों के सम्मान के लिए आगे नहीं आएगा, तो समाज की एकता कमजोर होगी।

उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों।

स्वगणना के पहले दिन शहर की प्रथम नागरिक


# महापौर ने पोर्टल पर दर्ज किया अपना विवरण



**गाजियाबाद।** गुरुवार 7 मई से स्वगणना शुरू हो गई जिसमें लोग स्वयं ही जनगणना पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भर सकते है। उसके बाद मकानों की गणना भी शुरू होगी जिसके लिए जनगणना संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्देश दिए है कि स्वगणना का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे लोगो की भागीदारी आसान और सुचारू हो सके।

इसी क्रम में शहर की प्रथम नागरिक महापौर सुनीता दयाल ने अपने परिवार के साथ स्वगणना कर जनगणना पोर्टल पर पूरा विवरण अपलोड किया। स्वगणना को लेकर जिला प्रशासन के अलावा जनप्रतिनिधि भी आगे आकर ना सिर्फ नागरिकों को प्रेरित कर रहे हैं बल्कि स्वयं भी स्वगणना कर रहे हैं। अपर नगर आयुक्त नगर निगम जंग बहादुर यादव व उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह ने स्वम जाकर महापौर के आवास पर स्वगणना का कार्य संपन्न कराया। महापौर ने बताया कि स्वगणना व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने पूरी तैयारी की है। साथ ही अपने विभाग के समस्त कार्मिकों को भी स्व-गणना करने के लिए जागरूक करेंगे और इसी प्रकार ग्रुप हाउ. सिंग, आरडब्ल्यूए व एओए और जन सामान्य से अपील भी की जा रही है।

# 10 मई को होगा परशुराम महोत्सव: अमरपाल शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बताया कि 10 मई को परशुराम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान परशुराम की रामलीला का मंचन किया जाएगा। अमरपाल शर्मा ने बताया कि यह आयोजन समाज को जोड़ने की एक बड़ी कोशिश है।

महोत्सव में मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत, गाजियाबाद सहित आसपास के जिलों से ब्राह्मण समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। करीब 50 हजार लोगों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 500 वालंटियर तैनात रहेंगे।

वालंटियर पार्किंग, भीड़ नियंत्रण और अनुशासन की जिम्मेदारी संभालेंगे। परशुराम लीला के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति योगदान को दर्शाया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों के बारे में जानने का मौका मिलता है।

उन्होंने सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। ये कार्यक्रम सेक्टर 7-8, वसुंधरा, थाना के पीछे स्थित ग्राउंड में होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माता प्रसाद पाण्डेय (नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश सरकार) सनातन पाण्डेय संसद बलिया पीताम्बर शर्मा( विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्टीय उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहेंगे।

# मेरा लक्ष्य लोनी का सर्वांगीण विकास: रंजीता धामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने विकास कार्यों का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने रंजीता धामा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जानकारी देते हुए बताया कि आज वार्ड नंबर 25 कालोनी परमानंद विहार मे 35 लाख रूपये की लागत से, व वार्ड 7 की गोविन्द टाउन कालोनी मे लगभग सवा करोड रूपये , व वार्ड 19 अमित विहार मे लगभग 22 लाख रूपये की लागत से इंटरलाकिंग टाइल्स व आरसीसी नाली का निर्माण कराया जायेगा।

लोनी नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने मौके पर उपस्थित ठेकेदारों को निर्देश देते हुये कहा कि आप लोग मेहनत के साथ अच्छी क्वालिटी का माल लगाकर आम जनता के लिये मजबूत व टिकाऊ कार्य करे जो कि लंबे समय तक तक चले जिससे आम जनमानस को चलने के लिये अच्छा मार्ग मिले।

रंजीता धामा ने कालोनी की महिलाओं के साथ संवाद करते हुये कहा कि आप सभी मेरे परिवार का हिस्सा है और मेरा लक्ष्य लोनी की हर एक गली को बनाना व जनता को चलने के लिये रास्ता बनाना व जल निक. ासी की व्यवस्था करना है लोनी का सर्वांगीण विकास कराना ही मेरी प्राथमिकता है जिसमे ये विकास कार्य एक कदम के समान है जल्द है लोनी मे और भी विकास कार्य कराये जायेंगे।

इस अवसर पर सभासद लज्जा देवी, राजीव शर्मा , अवनीश त्रिपाठी,पंकज कुमार, विश्वकर्मा जी, सतेन्दर, सचिन, केशव कुमार, कुलदीप, वीरपाल, रिसाली देवी, पूनम,अलका शर्मा,भावना शर्मा,बबीता शर्मा,सुनीता देवी,रविता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में कालोनी वासी उपस्थित रहे।

# योगा करने के लिए स्थान मांगने पर मिली एससीएसटी के मुकदमे की धमकी, डीएम-सीपी से शिकायत

**गाजियाबाद।** राकेश नगर स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के रहने वाले एक व्यक्ति को रोज सुबह योगा करने के लिए जगह मांगना भारी पड़ गया। योगा के लिए जगह मांग रहे व्यक्ति ने आरडब्लूए के दो पदाधिकारियों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पहले डायल 112 पर की और उसके बाद चौकी नसीरपुर, थाना सिहानी गेट, कमिश्नर और जिलाधिकारी कार्यालय में भी लिखित शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक सोसायटी के टावर एसपी-2 के फ्लैट नम्बर 201 में रहने वाले गौरव बंसल ने शिकायती पत्र में बताया है कि बीती 6 मई को उन्होंने आरडब्लूए के सचिव और कोषाध्यक्ष से योगा करने के लिए कम्युनिटी हॉल में निशुल्क जगह मांगी। आरा. ेप है कि इतना सुनते ही सचिव ए.के. दोहरे भड़क उठे और पीड़ित पर कुछ दिन पहले लिफ्ट में चोटिल हुए व्यक्ति का साथ देने का आरोप लगाते हुए धमकाया। आरोप है कि सचिव ने पीड़ित को पूर्व में एक सब्जी विक्रेता द्वारा लगवाए गए एसीएसटी के मुकदमे की तरह ही फर्जी मुकदमा लिखवाने की धमकी दी। वहीं कोषाध्यक्ष पर आरोप है कि उन्होंने भी पीड़ित को बालकनी में गमले लगाने की शिकायत करने पर धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। दोनों पदाधिकारियों ने योगा के लिए निशुल्क कम्युनिटी हॉल देने से इंकार कर दिया। गौरव ने बताया कि उन्होंने योगा के लिए कम्युनिटी हॉल देने के लिए पहले ही एक पत्र आरडब्ल्यूए ऑफिस में देकर मांग की थी। आज सुबह जब गौरव ने कम्युनिटी हॉल में जाकर देखा तो वहां कुछ लोग योगा कर रहे थे।

## बसपा की बूथ स्तरीय बैठक

**बिजनौर।** ग्राम नंगली में विकास कुमार के यहां बसपा की बूथ स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष कविराज की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित हुई। नाजिम अहमद अल्वी मुख्य मंडल प्रभारी एवं दिलीप कुमार उर्फ पिंटू मंडल प्रभारी की उपस्थिति में बूथ संख्या 397 व 398 नंगली की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। नाजिम अहमद अल्वी ने पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की चार बार रही। उनके शासनकाल में जनता सुखी थी। अमन चैन व कानून का राज था। किसानों को फसल का उचित दाम समय पर मिलता था। शासन व्यवस्था दुरुस्त थी। ब्रह्मपाल सिंह विधानसभा प्रभारी ने कहा कि महापुरुषों के मिशन को पूरा करने के लिए बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने जनता को सतर्क करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार हमें परेशान भी करेगी, किंतु किसी को हताश होने की जरूरत नहीं है। जिला महासचिव संजीव कुमार सैनी व जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार प्रधान, विकास कुमार, धीर सिंह पाल, विनीत चौधरी, रामपाल सिंह, नरदेव सिंह, दीपक प्रधान, मौहम्मद अय्यूब, कमर्तुल्ला, महबूब अहमद, मौहम्मद यामीन, नरेश कुमार, नरेंद्र चौधरी, हुकम सिंह, नफीस अहमद, ज्योति सैनी, सुधा रानी, रेखा, सुजाता, प्रीति, दयावती, इरफान अंसारी, मानवेन्द्र, दीपक कुमार, चत्रे सिंह, इरफान अहमद, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कार के नंबर पर कट रहे बाइक के चालान

## फर्जी नंबर प्लेट से दौड़ रही बाइक, नोटिस से खुला मामला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कार की नम्बर से बाइक का चालान पंजाब में काटे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। लोक अदालत का नोटिस पीड़ित को मिलने के बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला महाजनान निवासी कार स्वामी रिहान अहमद पुत्र मौहम्मद हाशिम उस समय हैरान रह गया, जब उसे लोक अदालत से ट्रैफिक चालान के नोटिस प्राप्त हुए। जांच करने पर पता चला कि उसकी कार के नंबर का इस्तेमाल पंजाब में एक मोटर साइकिल पर किया जा रहा है और उसी वाहन के चालान लगातार काटे जा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसकी कार का पंजीकरण नंबर यूपी 20 एएन 5804 है। जबकि पंजाब पुलिस द्वारा इसी नंबर की मोटर साइकिल का चालान किया गया। बताया गया कि मोटर साइकिल चालक तीन सवारी बैठा कर बिना हैलमेट वाहन चला रहा था, जिसके चलते दो अलग-अलग ई-चालान जारी किए गए।

पहला चालान एक हजार रुपए का नंबर पीबी 4281103250407011860 सात अप्रैल 2025 को सुबह काटा गया। जिसकी राशि 1000 रुपये है। वहीं दूसरा चालान नंबर पीबी 4281103250327122150 सताईस मार्च 2025 को सुबह काटा गई। जिसकी राशि भी 1000 रुपये बताई गई है। दोनों चालान तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने के आरोप में किए गए हैं।

# तरबूज खाकर परिवार की हालत बिगड़ी, युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** तरबूज खाने से एक परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए। उन्हें बिजनौर निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां पर उनमें से एक युवती की मौत हो गई। युवती का रिश्ता हुआ था, कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम शेरनगर नरैनी निवासी डॉक्टर जियाउल रहमान उनकी पत्नी और पुत्री मुस्कान की कल शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों उल्टियां करने लगे। परिजन उन्हें चिकित्सक के यहां ले गए, जहां से चिकित्सकों ने तीनों को बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर के एक निजी अस्पताल में तीनों का इलाज चल रहा था। मुस्कान की हालत ज्यादा गंभीर थी। कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि की तीनों ने कल दोपहर तरबूज का सेवन किया था। कुछ घंटे बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान (21 वर्ष) के मौत हो गई। मुस्कान का रिश्ता कुछ समय पहले हुआ था। कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार का माहौल गमगीन हो गया, जबकि जियाउल रहमान और उनकी पत्नी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि तरबूज खाने से बीमार पड़ने की मामले लगातार आ रहे हैं।

# इम्पीरियल में स्पोर्ट्स अकादमी का उद्घाटन



## खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : अशोक राजपूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में इम्पीरियल स्पोर्ट्स अकादमी का विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक राजपूत द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत भाषण के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। अशोक राजपूत ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

खेलों से अनुशासन, टीम भावना व आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा शुरु की गई यह अकादमी एक सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। अकादमी में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावको ने भी इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह अकादमी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहायक होगी। अकादमी का संचालन प्रतिदिन शाम 5 बजे से किया जाएगा यह सभी के लिए खुला रहेगा।

अकादमी में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो व योग शामिल रहेगा।

# नहटौर में जनगणना-2027 को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जनगणना-2027 को लेकर नगर पालिका के सभागार में बैठक आयोजित की गई। ईओ ने कहा कि बैठक का उद्देश्य स्व-गणना अभियान को सफल बनाना था। यह अभियान जनगणना को सुव्यवस्थित और डिजिटल रूप से संपन्न करने के लिए शासन के निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है।

बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने किया। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 पिछली गणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक होगी। इसमें स्व-गणना की सुविधा दी गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपने और अपने परिवार की जानकारी सरकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे।

उन्होंने अभियान की सफलता के लिए जन-जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कर्मचारियों को वार्ड स्तर पर जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए सटीक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व-गणना की तकनीकी प्रक्रिया को समझने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है।

बैठक में उपस्थित सभासदों और समाजसेवियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करें। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे इस संदेश को नगर के हर घर तक पहुंचाएंगे, ताकि कोई भी परिवार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रहे।

बैठक में नगर पालिका अधिकारी, लिपिक वर्गीय स्टाफ, विभिन्न वार्डों के सभासद और नगर के गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने इस राष्ट्रीय अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया।

# आधुनिक जनसेवा का नया केंद्र बने डाकघर: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नेहरू प्लेस स्थित पुनर्विकसित पोस्ट ऑफिस 'जन सेवा कनेक्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर के साथ शामिल हुईं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों एवं डाक विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देशभर में डाकघरों के आधुनिकीकरण और पुनर्विकास की इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत दिल्ली से किया जाना राजधानी के लिए गर्व का विषय है। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 25 हजार डाकघरों के नवीनीकरण का निर्णय दूरदर्शी सोच का परिचायक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक डाकघर केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित माने जाते थे। लेकिन आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डाकघर बहु-उद्देशीय जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित हो चुके हैं। अब डाकघरों में बैंकिंग, बचत योजनाएं, आधार सेवाएं, पासपोर्ट सेवाएं और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सेवाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जन सेवा कनेक्ट' की अवधारणा प्रधानमंत्री मोदी जी के नागरिक केंद्रित सुशासन के विजन को साकार करती है। डाकघरों को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ नागरिकों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है। डाक कर्मचारियों की कार्य व्यवस्था, बैठने की सुविधा, आधुनिक डिजाइन और ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वह अत्यंत प्रभावशाली है। डाकघर भारतीय समाज के भावनात्मक और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। इस विशाल नेटवर्क को बंद करने के बजाय आधुनिक तकनीक और नई सेवाओं के माध्यम से पुनर्जीवित करना केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण है।

## दिन में रिक्शा चालक रात में सेंधमारी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शराब की लत को पूरा करने के लिए युवक दिन में रिक्शा चलाता था और रात में सेंधमारी की वारदात को अंजाम देता था। पालम थाना पुलिस ने सूचना पर बदमाश को महावीर एन्क्लेव इलाके से गिरफ्तार किया है। मामला दर्ज करने के बाद आईपीएस अधिकारी अनंत धनराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की गई । पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच के साथ मुखबिरों को सक्रिय किया। फुटेज के जरिए पुलिस ने आरोपी की पहचान कर चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह शराब पीने का आदी है और दिन में किराये पर रिक्शा चलाता है। अपनी लत को पूरा करने के लिए बंद घरों को निशाना बनाता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर पहले से पालम थाने में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

## कालिंदी कुंज में बनेगा 100 करोड़ की लगात से नया छठ घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालिंदी कुंज में यमुना के बीच दिखने वाले झाग को खत्म करने के लिए दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण योजना बनाई है। इसके तहत न केवल यमुना के झाग को खत्म किया जाएगा बल्कि कालिंदी कुंज में 100 करोड़ रुपये की लागत से भव्य छठ घाट भी तैयार किया जाएगा। यह घाट यूपी के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा बनाया जाएगा, लेकिन इसकी लागत का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी।

जानकारी के अनुसार यमुना में कालिंदी कुंज के समीप साल भर झाग बना रहता है। कई बार इसे खत्म करने के प्रयास सरकार द्वारा किए गए, लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो सका। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस जगह को एक भव्य छठ घाट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। बीते दिनों सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस जगह का दौरा भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया था। अधिकारियों के साथ उन्होंने न केवल इस समस्या को समझा बल्कि इसके समाधान को लेकर उपायों पर भी चर्चा की।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि दिल्ली सरकार कालिंदी कुंज में भव्य छठ घाट बनाने जा रही है। इसके लिए यूपी सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से बात हुई है जिनके पास यह जमीन है। उनके द्वारा यहां पर छठ घाट तैयार किया जाएगा और इसका पूरा खर्च दिल्ली सरकार की तरफ से उठाया जाएगा।

## हाउसिंग सर्वे के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष वैन उतारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे हाउसिंग सर्वे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छह जागरुकता वैन सड़कोंपर उतारी गईहैं। भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जनगणना जागरुकता वैन दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेंगी और जनगणना में भागीदारी, स्व-गणना सुविधा, जनगणना 2027 की मुख्य विशेषताओं तथा फील्ड विजिट के दौरान प्रगणकों के साथ जनता के सहयोग के महत्व से जुड़े संदेशों का प्रसार करेंगी।

बता दें कि दिल्ली में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जारी है। एनडीएमसी और छावनी बोर्ड क्षेत्रों में 15 अप्रैल को स्व-गणना पूरी होने के बाद, प्रगणकोंद्वारा घर-घर जाकर फील्ड विजिट का कार्य चल रहा है जो 15 मई तक संपन्न हो जाएगा।

## संजय सिंह ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब के अमृतसर और जालंधर में हुए धमाकों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में होने वाली ऐसी घटनाएं चुनावी राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने भाजपा और आईएसआई के संबंधों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में संजय सिंह ने कहा कि अमृतसर और जालंधर में हुए धमाके भाजपा के "मिशन पंजाब" का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में भय और तनाव का माहौल बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य राज्य के सामाजिक सौहार्द और शांति को प्रभावित करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं, जब राज्य में शिरोमणि अकाली दल और भाजपा की सरकार थी। उस समय हुए मॉल विस्फोट मामले का आज तक पूरी तरह खुलासा नहीं हो पाया।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नेहरू प्लेस स्थित पुनर्विकसित पोस्ट ऑफिस 'जन सेवा कनेक्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर के साथ।**

## आईजीआई पर 24 करोड़ का गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सीमा शुल्क विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए यात्रियों के पास से 24 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का संदिग्ध गांजा बरामद किया है। तीन अलग-अलग मामलों में कुल 24 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त कर तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सभी आरोपियों के खिलाफ मादक द्रव्य एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, सबसे बड़ी कार्रवाई 4 मई को की गई। खुफिया सूचना के आधार पर बैंकॉक से आए एक उज्बेक नागरिक को अंतरराष्ट्रीय पारगमन क्षेत्र में रोका गया। विस्तृत तलाशी के दौरान उसके समुद्री हरे रंग के ट्रॉली बैग से 12 पॉलीथीन थैलियों में भरा संदिग्ध गांजा बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जब्त पदार्थ का वजन 18.003 किला. ग्राम से अधिक है, जिसकी अंत. रराष्ट्रीय अवैध बाजार में अनुमा. नित कीमत करीब 18 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी को 5 मई को गिरफ्तार कर लिया गया।

दूसरे मामले में 6 मई को बैंकॉक से लौटे एक भारतीय यात्री को ग्रीन चौनल पर संदेह के आधार पर रोका गया। सामान की एक्स-रे जांच और तलाशी के दौरान उसके काले ट्रॉली बैग से 11 पॉलीथीन थैलियों में भरा मादक पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार, जब्त गांजे का वजन 5.467 किलोग्राम है और इसकी कीमत लगभग 5.46 करोड़ रुपये बताई गई है।

## वंदे मातरम् को अनिवार्य बनाना धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला: मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

**इस्लाम केवल एक अल्लाह की इबादत सिखाता है, बिना किसी साझेदारों के: डॉ. सैयद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गन मन' के समान दर्जा देने, इसके सभी छह छंद अनिवार्य करने और सभी सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों के कार्यक्रमों में जन गन मन से पहले पढ़ना अनिवार्य करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को सख्ती से खारिज कर दिया है।

बोर्ड ने इसे पूरी तरह से भारतीय संविधान की मूल भावना, धार्मिक स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और संविधान सभा के ऐतिहासिक फैसलों के खिलाफ बताया है और सरकार से इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने आज गुरुवार को जारीअपने बयान में कहा कि केंद्रीय कैबिनेट का यह फैसला न केवल असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है बल्कि देश की धार्मिक विविधता और संवैधानिक मूल्यों के भी खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष राज्य सभी नागरिकों पर किसी विशेष धार्मिक अवधारणा या विश्वास को थोप नहीं सकता है। वंदे मातरम के कई छंदों में दुर्गा और अन्य देवताओं की महिमा और पूजा की अवधारणा शामिल है, जो एकेश्वरवाद की मूल मुस्लिम मान्यता के साथ सीधे टकराता है। इस्लाम केवल एक अल्लाह की इबादत सिखाता है, बिना किसी साझेदारों के, और किसी भी प्रकार का शिर्क स्वीकार नहीं करता।

## जेएनयू एमबीए प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण जल्द

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप ( में दाखिले की प्रक्रिया का दूसरा चरण जल्द ही शुरू होने वाला है। अधिकारियों के अनुसार, एमबीए कोर्स में प्रवेश के लिए पंजीकरण 15 मई तक बंद होने की संभावना है। यानि जो भी छात्र इस कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं, उन्हें 15 मई से पहले आवेदन करना होगा, क्योंकि इसके बाद रजिस्ट्रेशन बंद हो सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि ष्समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार वाले अगले चरण की शुरुआत जल्द ही होने की उम्मीद है।

## करोड़ों की नकली दवाएं बरामद, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नकली जीवन रक्षक दवाओं के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखर्जी नगर स्थित एक अवैध निर्माण और रीपैकेजिंग यूनिट का भी खुलासा किया है। यहां से करीब छह करोड़ रुपये की नकली दवाएं और मशीनें बरामद की गई हैं।

क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज प्रथम टीम ने 22 अप्रैल 2026 को एक विशेष टीम गठित की थी। यह टीम एसीपी सुनील श्रीवास्तव की निगरानी में दिल्ली क्षेत्र में नकली और सरकारी सप्लाई की दवाओं की खुफिया जानकारी जुटा रही थी।

सूचना मिली कि एक संगठित गिरोह सरकारी अस्पतालों के लिए निर्धारित दवाओं को अवैध रूप से इकट्ठा कर रहा है। ये दवाएं मूल लेबल हटाकर नए लेबल लगाकर दिल्ली एनसीआर और पूर्वोत्तर राज्यों में बेची जा रही थीं।

सूचना मिलने के बाद ड्रग कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर एक संयुक्त छापेमारी टीम बनाई गई। टीम ने मुखर्जी नगर स्थित इंद्र विकास कॉलोनी के एक मकान पर छापा मारा। मौके से मनोज कुमार जैन को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में ब्रांडेड दवाएं, सरकारी सप्लाई की दवाएं, नकली दवाएं, पैकेजिंग सामग्री, लेबल और दवाओं की रीपैकेजिंग में इस्तेमाल मशीनें बरामद हुईं।

गिरफ्तार आरोपियों में मनोज कुमार जैन (56 वर्ष), राजू कुमार (57 वर्ष), विक्रम सिंह उर्फ सनी (32 वर्ष) और वतन (35 वर्ष) शामिल हैं। मनोज कुमार जैन को 23 अप्रैल 2026 को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। राजू कुमार को 25 अप्रैल 2026 को पंचकूला, हरियाणा से पकड़ा गया। विक्रम सिंह और वतन को 29 अप्रैल 2026 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान हेपबेस्ट, एजिथ्रोमाइसिन, लेंवाटिनिब कैप्सूल, रेबीज वैक्सीन, इंसुलिन और हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जैसी कई जीवन रक्षक दवाएं बरामद की गईं। स्नेक वेनम एंटीसीरम, ह्यूमन एल्ब्यूमिन, विटामिन डी3 इंजेक्शन, एमॉक्सीक्लैव और सेफिक्सिम भी जब्त की गई हैं। इसके अतिरिक्त चार लेबलिंग और पैकेजिंग मशीनें तथा भारी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री भी जब्त की गई।

मनोज कुमार जैन इस पूरे नेटवर्क का मुख्य सरगना बताया गया है। वह अपने साथियों विक्रम और वतन के माध्यम से सरकारी अस्पतालों के लिए निर्धारित दवाएं जुटाता था। इन दवाओं को मुखर्जी नगर स्थित गुप्त यूनिट में लाया जाता था। वहां उनके मूल लेबल हटाए जाते थे और नकली लेबल लगाकर बाजार में बेचा जाता था।



**पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आज से शुरू हुआ।**

## भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आज से प्रारम्भ हुए। पश्चिम दिल्ली एवं नजफगढ़ जिलों के दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र ऋषिकेश में जिलाध्यक्षों चन्द्रपाल बख्शी एवं राज शर्मा गौतम के संयोजन में प्रारम्भ हुए।

कल 8 मई को प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा कार्यकर्ता विकास पर एवं राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने विचार परिवार विषय पर ऋषिकेश पहुंच कर दोनों जिलों के सत्रों सम्बोधित करेंगे।दिल्ली भाजपा की प्रशिक्षण संयोजक एवं पश्चिम दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद एवं पंकज सिंह, प्रशिक्षण सह संयोजक सुमित भसीन, पश्चिम दिल्ली के वरिष्ठ नेता राजीव बब्बर, विधायक पवन शर्मा, श्याम शर्मा, संदीप सहरावत, नीलम पहलवान, प्रदुमन राजपूत एवं श्री कैलाश सां. गवाल, प्रशिक्षण वर्ग प्रमुख नरेश कौशिक एवं शशिभूषण राजपाल और श्री अर्जुन वेलोटिल भी आज 7 मई के सत्रों में सम्मिलित हुए।

## देश के 76 रेलवे स्टेशनों पर होगा नेक्स्ट जनरेशन सुरक्षा मॉडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेल भूमि विकास प्राधिकरण देश भर के 76 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए नेक्स्ट जनरेशन सुरक्षा मॉडल अपनाने जा रहा है।

इसके लिए होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के लिए विशेष एक्सपर्ट एजेंसियों की नियुक्ति की जा रही है। ये एजेंसियां एआई तकनीक और आधुनिक कंट्रोल रूम के जरिये भीड़ को नियंत्रित करेंगी। आरएलडीए ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चार भौगोलिक पैकेजों में विभाजित किया है। सबसे अधिक बजट उत्तरी जोन के लिए आवंटित किया गया है, जहां उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली जैसे राज्यों के स्टेशनों पर भारी दबाव रहता है। उत्तरी जोन पर 10.31 करोड़, पूर्वी क्षेत्र 8.12 करोड़, पश्चिमी क्षेत्र 8.91 करोड़ और दक्षिणी क्षेत्र के लिए 6.93 करोड़ खर्च होंगे। इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी (पीएमसी) मॉडल है। रेलवे केवल सीमेंट और कंक्रीट के ढांचे नहीं बना रहा, बल्कि विशेषज्ञ एजेंसियां नियुक्त कर रहा है जो आधुनिक तकनीक का समन्वय करेंगी। 76 स्टेशनों पर एआई-आधारित सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जाएगा, जो प्रति वर्ग मीटर यात्रियों की संख्या गिनकर सीधे कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेंगे। यदि किसी प्लेटफॉर्म पर क्षमता से अधिक भीड़ होती है तो यात्रियों को स्टेशन के बाहर बने होल्डिंग एरिया में रोक लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पीएमसी एजेंसियां ऐसे सेंसर और वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम का प्रस्ताव देंगी जो भीड़ के दबाव का रियल-टाइम डेटा देंगे।

## हत्या कर निर्माणधीन मकान में छिपाई लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा थाना क्षेत्र में एक निर्माणधीन मकान में लाश मिलने से हड़कंप मच गया, लाश कई दिनों से रेत ओर बजरी के ढेर के नीचे दबी हुई थी, फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स

शाहदरा के नवीन शाहदरा में जे-4 निर्माणधीन ईमारत है इस ईमारत के चौथे फ्लोर पर अज्ञात शख्स की हत्या कर लाश को रेत ओर बजरी के ढेर में दबा दिया, लाश से जब सड़ गई तो उसमे से दुर्गन्ध आने लगी, तब वहां काम कर रहे मजदुर ने रेत ओर बजरी हटाकर देखा तो वहां एक लाश मिली स मामले की सूचना पुलिस को दी गयी,पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टन के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है स अभी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है उसकी उम्र करीब 35 से 40 के बीच बताई जा रही है स

शाहदरा पुलिस उपायुक्त आर पी मीणा ने बताया कि जे-4 नवीन शाहदरा में एक निर्माणधीन मकान में शव मिला था जिस सम्बन्ध में पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1)/238 के तहत मामला दर्ज किया है।

## जुलाई से बसों में पिंक स्मार्ट कार्ड अनिवार्य करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिल्ली सरकार और डीटीसी की कोशिशों को फिलहाल अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। मार्च में शुरू की गई पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड योजना के तहत अब तक करीब 5.56 लाख कार्ड जारी किए जा चुके हैं, लेकिन डीटीसी के आंकड़े बताते हैं कि रोजाना यात्रा करने वाली महिला यात्रियों में से केवल 5 से 6 प्रतिशत ही इन कार्डों का इस्तेमाल कर रही हैं। ज्यादातर महिलाएं अब भी पुराने पिंक टिकट के जरिये मुफ्त सफर कर रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 2 मार्च को इस योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य 2019 में शुरू हुई पिंक टिकट व्यवस्था को केंद्र सरकार की वन नेशन, वन कार्ड नीति से जोड़ते हुए डिजिटल प्रणाली में बदलना हैं। इसके जरिये यह सुनिश्चित करना भी था कि केवल दिल्ली में रहने वाली 12 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं ही मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकें। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, सरकार जुलाई से मुफ्त यात्रा के लिए पिंक स्मार्ट कार्ड को अनिवार्य बनाने की तैयारी कर रही है। उससे पहले मई और जून में बसों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं डिजिटल कार्ड का उपयोग शुरू करें। दिल्ली सरकार का मानना है कि पूरी टिकटिंग प्रणाली के डिजिटल होने से राजस्व निगरानी आसान होगी और फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहले ही कह चुकी हैं कि डीटीसी को करीब 14 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और अब टिकटिंग सिस्टम को पूरी तरह डिजिटल बनाया जाएगा।

## एनएसडी का ग्रीष्म कालीन नाट्य उत्सव आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल का ग्रीष्म कालीन नाट्य महोत्सव आज से शुरू होने जा रहा है। 8 मई से 14 जून तक चलने वाले इस उत्सव में 10 नाटकों की 26 प्रस्तुतियां होंगी। 38 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न शैलियों और रंग-रूपों के नाटक होंगे। महोत्सव का उद्घाटन रंगमंडल की नवीनतम प्रस्तुति 'अक्स तमाशा' से होगा, जिसका निर्देशन रंगनिर्देशक भानू भारती ने किया है। एनएसडी परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में संस्थान के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने बताया कि भारत रंग महोत्सव सफलता के बाद एनएसडी समर थिएटर फेस्टिवल रंगप्रेमियों के लिए एक और महत्वपूर्ण रंगोत्सव है।

## हथियार सप्लायर के साथ प्रॉपर्टी डीलर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर समेत दो आरोपियों को अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पुनीत गुप्ता और अभिषेक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुनीत दिल्ली में कई बड़े नेताओं के संपर्क में रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद अवैध हथियार बेचने वालों को पकडने की कोशिश की जा रही है,जिसमें कुछ पुख्ता जानकारी मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय से इलाके के आसपास गोली चलने की वारदातें होने पर थानास्तर पर पुलिस टीमें पिस्टल रखने और सप्लाई करने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही थी,साथ ही संदिग्ध सोशल मीडिया आईडी पर भी नजर रखे हुए थी। एसएचओ मनोज के निर्देशन में मैट्रो विहार पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर मोहित नारवाल की टीम को पुनीत गुप्ता नामक प्रॉपर्टी डीलर के बारे में पता चला कि वह अवैध पिस्टल रखता है। जिसका कुछ समय पहले प्रॉपर्टी को लेकर किसी से विवाद चल रहा है।

# दिनदहाड़े हिस्ट्रीशीटर की चाकुओं से गोदकर हत्या

## बच्चे को स्कूल छोड़ लौट रहा था राशिद, हत्या से परिवार में मचा कोहराम

### हत्या से एक दिन पहले हत्यारोपियों व राशिद के बीच हुई थी कहासुनी और विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के रामपुर रोड स्थित अलीनगर मोहल्ले में बृहस्पतिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब हिस्ट्रीशीटर राशिद की दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात इतनी खौफनाक थी कि सड़क पर चारों तरफ खून ही खून नजर आया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई, जबकि मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। बताया गया कि राशिद सुबह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकला था। उसे क्या पता था कि अपने बच्चे के साथ यह उसका आखिरी सफर साबित होगा। बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद जैसे ही राशिद वापस अपने घर लौट रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवक उसके पीछे लग गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही राशिद अपने घर के पास पहुंचा, तभी हमलावरों ने उसे घेर लिया और धारदार चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।



घटना के बाद आसपास के लोग जब बाहर निकले तो सड़क पर गंभीर हालत में पड़े राशिद को देखकर उनके होश उड़ गए। लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राशिद की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।



जानकारी के अनुसार राशिद और हमलावर पक्ष के बीच काफी समय से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। बताया जा रहा है कि हत्या से एक दिन पहले दोनों पक्षों के बीच कहा. सुनी और विवाद भी हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जबकि पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## तकनीकी पुलिसिंग में हापुड़ अव्वल, प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यशैली और तकनीकी दक्षता का लोहा मनवाया है। मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी माह मार्च-2026 की प्रदेश स्तरीय CCTNS रैंकिंग में हापुड़ और बुलंदशहर जनपद ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर मेरठ परिक्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद पुलिस विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उप महानि. रीक्षक कलानिधि नैथानी ने जानक. ारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक माह प्रदेश के सभी जनपदों की CCTNS रैंकिंग जारी की जाती है। यह रैंकिंग विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पैरामीटर्स के आधार पर तय होती है। इसमें डेटा सिंक, अपराध विश्लेषण पोर्टल पर कार्य, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, गिरफ्तार अभियुक्तों की फीडिंग, गुमशुदाओं के रिकॉर्ड अपडेट करने सहित कुल 16 बिंदुओं को शामिल किया जाता है।

मार्च-2026 के आंकड़ों के आधार पर जारी की गई इस रैंकिंग में हापुड़ और बुलंदशहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप-10 जनपदों में पहला स्थान हासिल किया। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने पुलिस अधीक्षक हापुड़ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर की सराहना करते हुए कहा कि दोनों जनपदों की टीमों ने पूरी निष्ठा और मनोयोग से कार्य किया है। हापुड़ पुलिस की इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है।

## मोहित अग्रवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, सर्वसम्मति से चुने गए वाइस गवर्नर थर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सामाजिक सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार सक्रिय भूमिका निभाने वाले मोहित अग्रवाल को एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 142 एन का वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थर्ड चुना गया है। उनके सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा होते ही बैठक स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और उपस्थित सदस्यों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। शहर के जोका रेस्टोरेंट में आयोजित एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 142 एन की गरिमामयी बैठक में क्लब के विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान वाइस गवर्नर थर्ड पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने एकमत होकर मोहित अग्रवाल के नाम पर सहमति जताई। उनके चयन को क्लब के लिए सकारात्मक और ऊर्जावान निर्णय बताया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मो. हित अग्रवाल लंबे समय से समा. जसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता और युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में एलायंस क्लब नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाजहित में कई नई योजनाएं शुरू होंगी। मोहित अग्रवाल ने कहा, मैं क्लब के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों



का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताकर इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सभी सदस्यों के सहयोग और मार्गदर्शन से हम हापुड़ में एलायंस क्लब का नाम नई पहचान दिलाने का कार्य करेंगे। बैठक में इंटरनेशनल चेयरमैन अनिल वाजपेयी, इंटरनेशनल डायरेक्टर अजय बंसल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भगवंत गोयल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी राहुल गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर विशेष गोयल सहित आराधना वाजपेयी, सुनीता शर्मा, सुनीता स्वामी, सचिन अग्रवाल, सौरभ मित्तल, आदि मौजूद रहे। सभी ने मोहित अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## हापुड़ में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, SC प्रकोष्ठ गठन को लेकर बड़ी घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, दिल्ली रोड पर गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने 10 मई को होने वाले एससी प्रकोष्ठ जिला कमेटी गठन कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का दावा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मजबूती का भरोसा जताया।

एससी-एसटी प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दीपक मोघे ने बताया कि 10 मई को एससी प्रकोष्ठ की जिला कमेटी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में एससी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप सरोहा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं




मेरठ मंडल प्रभारी डूंगर सिंह नवगठित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम बुलंदशहर रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अपराह्न 2:30 बजे आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राकेश त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरा. ेजगारी और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे आम जनता परेशान है। कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उनकी आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर और युवा वर्ग का विश्वास लगातार कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। इस दौरान पीसीसी सदस्य नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग, ओबीसी प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष अफजाल आढ़ती, शहर उपाध्यक्ष खुशनूद अली समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में जिला आजी. विका मिशन क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति तथा डीएलसीसी DLCC की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम कविता मीना ने कहा कि जनपद के सभी राशन कार्ड धारकों को शत-प्रतिशत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी को समस्त कोटेदारों की बैठक आयोजित कर महिलाओं को समूहों से जोड़ने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक एवं उपायुक्त (स्वत) रोजगार अनवर शेख ने बताया कि विकास खंड सिम्भावली में बना सीएमटीसी सेंटर बंद पड़ा है। इस पर जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि जब तक प्रशिक्षण की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक प्रशिक्षण केंद्र को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। परियोजना निदेशक ने यह भी बताया कि जिन सीएलएफ में दो वर्ष से अधिक समय से एक ही पदाधिकारी कार्यरत हैं, वहां नियमावली के अनुसार पदाधिकारियों का बदलाव किया जाना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने बैठक में समूह गठन, समूहों के बैंक खाते खोलने और अधिक से



अधिक स्वयं सहायता समूह बनाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने विधायक निधि और सांसद निधि से चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की तथा कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक मौजूद रहे।

## राशिद हत्याकांड के बाद पुलिस अलर्ट, नए कोतवाल ने संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पिलखुवा थाना प्रभारी मनीष चौहान पर भरोसा जताते हुए उन्हें नगर कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त किया है। चार्ज संभालते ही मनीष चौहान एक्शन मोड में नजर आए और दिनदहाड़े हुए चर्चित राशिद हत्याकांड के बाद सीधे अलीनगर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। अलीनगर में हिस्ट्रीशीटर राशिद की हत्या के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया था। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जुटने लगी और लोगों में आक्रोश दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने तत्काल पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कराई।



राशिद के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही शव अलीनगर पहुंचा, हजारों लोगों की भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। इस दौरान माहौल संवेदनशील बना रहा। नगर कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने मौके पर मौजूद रहकर हालात पर लगातार नजर बनाए रखी और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राशिद का दफीना कराया गया। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस अधिका. रियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### एक नजर

## सिम्भावली पुलिस ने साइबर ठगी के 67 हजार लौटाए, खोया मोबाइल भी मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार हुए पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर हुई धोखाधड़ी में खाते से ट्रांस्फर की गई 67 हजार 556 रुपये की पूरी धनराशि वापस कराई। वहीं गुम हुए मोबाइल फोन को भी बरामद कर उसके स्वामी को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार साइबर ठगों ने पीड़ित को फोन कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया था। आरोपितों ने बातचीत के दौरान क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल कर खाते से 67,556 रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिम्भावली की साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और तकनीकी जांच के आधार पर पूरी धनराशि वापस कराई। इसके अलावा जनपद में गुमशुदा और खोए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना सिम्भावली पुलिस ने अथक प्रयास कर करीब 16 हजार रुपये कीमत का वीवो प्रो 5जी मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस ने मोबाइल फोन उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल और साइबर ठगी की रकम वापस मिलने पर पीड़ितों ने हापुड़ पुलिस का आभार जताते हुए पुलिस कार्यप्रणाली की सराहना की।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उपैड़ा में घरेलू विवाद की आशंका के बीच एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव उपैड़ा निवासी दुलारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका के पति ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं था। सुबह जब वह काम पर जाने के लिए तैयार हो रहा था, तब उसकी पत्नी दुलारी ने बेहद प्यार से खाना बनाया, उसे खाना खिलाया और लंच पैक कर काम पर भेजा। पति के मुताबिक घर का माहौल पूरी तरह सामान्य था और दोनों के बीच किसी तरह का तनाव नहीं था। पति ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और रोज की तरह काम पर गया था। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि उसकी पत्नी ने कुछ खा लिया है। खबर मिलते ही वह अपना काम छोड़कर तुरंत अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पति का कहना है कि उसे अब तक विश्वास नहीं हो पा रहा कि उसकी पत्नी ऐसा कदम उठा सकती है। घटना की सूचना पर बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री का हाल जाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मिल लखनऊ पहुंच कर आग की चपेट में आकर झुलसी पूर्व मंत्री का हाल जानकर उनके शीघ्र ही स्वास्थ्य होने की कामना की।

सिंभावली निवासी भाजपा के मंडल अध्यक्ष आशीष चौधरी, जितेंद्र प्रताप कुशवाह बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित मेदांता हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल का हाल जाना। उन्होंने अस्पताल में उनका इलाज कर रहे डाक्टरों से बात भी की। आशीष चौधरी ने बताया कि बहराइच से विधायक अनुपमा 25 अप्रैल को नारी वंदन अधिनियम संसद में गिरने के विरोध में अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला फूंक रही थीं, तभी झुलस गई थीं।



## युवक के पेट में घोपी तलवार, मौत, पुलिस जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में बुधवार रात शराब पीकर गाली गलौज करने वाले युवक ने विरोध करने पर तलवार से हमला कर 22 वर्षीय ऋतिक घायल कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल ऋतिक को मेरठ रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया, जिसके चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बता दें कि बुधवार रात करीब 10 बजे गांव निवासी धीरज प्रजापति शराब के नशे में ऋतिक वाल्मीकि उम्र 22 वर्ष के घर के सामने पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा।



ऋतिक द्वारा विरोध किए जाने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक हो गई। आरोप है कि इसी दौरान धीरज ने तलवार से ऋतिक पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल ऋतिक को परिजन तत्काल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत नाजुक देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ के अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में तनाव फैल गया। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव में सीमित परिवारों की मौजूदगी के कारण पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मामला प्रारंभिक तौर पर आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## न्यायालय से विजय केवट हत्याकांड के आरोपी को रिमांड पर लाई पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पुष्पावती पूठ में होली के दिन गांव निवासी विजय केवट की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या में शामिल एक आरोपी को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। शेष एक आरोपी को पुलिस न्यायालय से रिमांड पर लेकर आई और घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी इंद्रकात यादव ने बताया कि 4 मार्च को दोपहर में 40 वर्षीय विजय पुत्र सुरेश की बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलने पर आलाधिकारी भी गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश शुरू की। गहन तहकीकात के बाद आलमनगर निवासी आशु को गिरफ्तार किया गया। उस समय आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और एक बाइक बरामद की गई है। घटना में शामिल अमित मावी और तेजेंद्र उर्फ तेजी फरार हो गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि वांछित आरोपी तेजेंद्र ऊर्फ तेजी निवासी सिंक. दराबाद ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। अब पुलिस उसको न्यायालय से रिमांड पर लेकर आई और उसकी निशानदेही घटना में पिस्टल को बरामद किया गया।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराई बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा के निकट सड़क किनारे खड़े एक पेड से बस टकरा गई। हालांकि हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को कोई नहीं मिल सका है, जबकि थाने में भी कोई सूचना दी गई है। बृहस्पतिवार की सुबह को एक बस सिंभावली से हापुड़ की ओर जा रही थी। जैसे ही वह गांव सिखेड़ा के निकट पहुंची तो चालक अपना संतुलन खो बैठा। बस सड़क किनारे पेड़ से जाकर टकरा गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बस स्टाफ भी बस को छोड़ कर वहां से चला गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि अभी तक थाने में कोई शिकायत नहीं आई है, शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कल्याणेश्वर मंदिर के कृषि फार्म को ठेके पर देने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र स्थित प्राचीन कल्याणेश्वर मंदिर की कृषि फार्म का टेंडर जल्द जारी किया जाएगा। मंदिर प्रशासन की ओर से इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर के प्रमुख महंत मंशा गिरि ने जानक. ारी देते हुए बताया कि मंदिर की कृषि भूमि को 25 मई से 30 मई के बीच ठेके पर दिया जाएगा। इच्छुक लोग मंदिर परिसर में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं और टेंडर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

महंत मंशा गिरि ने बताया कि मंदिर की कृषि भूमि लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के संचालन में सहायक रही है। कृषि फार्म से होने वाली आय का उपयोग मंदिर की व्यवस्थाओं, धार्मिक आयोजनों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ ठेका दिया जा सके। इसके साथ ही मंदिर में इन दिनों जीर्णोद्धार कार्य भी कराया जा रहा है। मंदिर परिसर की पुरानी संरचनाओं को संवारा जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महंत ने बताया कि कल्याणेश्वर मंदिर की क्षेत्र में विशेष धार्मिक मान्यता है और दूर-दराज से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर प्रशासन ने इच्छुक लोगों से समय रहते संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। वहीं, महंत ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी बाहरी या धोखाधड़ी करने की बातों में न आए, यदि कोई कृषि फार्म को ठेके पर लेना है, वह मंदिर पर आकर संपर्क करे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सर- ढाना मार्ग पर नीलगाय से टकराकर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि मृतक पिता का मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी महकार सिंह अपने पुत्र मोहित के साथ 29 अप्रैल को बाइक से बक्सर-ढाना मार्ग होते हुए अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही रास्ते में पर पहुंचे तो अचानक नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेरठ के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। मेरठ में उपचार के दौरान मोहित ने दम तोड़ दिया, जबकि उसके पिता महकार सिंह की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार चल रहा है।

## डबल एनकाउंटर: मथुरा पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर

eFkjkA गुरुवार की सुबह मथुरा पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश ठेर हो गये। दोनों बदमाश 23 अप्रैल की रात को टैंटीगांव में कारोबारी के यहां पडी 30 लाख रुपये की डकैती में शामिल थे। डकैती की घटना के बाद स्थानीय विधायक राजेश चौधरी, डीआईजी शैलेश पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार ने भी घटना स्थल का मुआयना किया था। एसएसपी ने बताया कि व्यापारी के घर वारदात देने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों घायल हुए। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इस कार्रवाई के दौरान दो सिपाही भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश सीसीटीवी कैमरे तोड गये थे और डीवीआर को निकाल ले गये थे। घटना के खुलासे के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने बदमाशों की तलाश में पुलिस की 17 टीमें का गठन किया था। पुलिस टीम लगातार बदमाशों की टोह लेने में लगी हुई थीं।

# बाइक चोरी गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## चोरो के टारगेट पर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, 17 दो पहिया और 8 फोन बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों मिनकर अब तक 100 से ज्यादा दो पहिया वाहन चोरी कर चुके है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी, 8 चोरी व स्नैचिंग के मोबाइल फोन 3 अवैध चाकू बरामद किए हैं। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-8 एफ-95 के पास खाली प्लॉट से की गई।



एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि इनके नाम सूरज उर्फ चीढ़ा,अनिल कुमार उर्फ गोलू और सुशील मिश्रा उर्फ बाबा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी नोएडा के छिजारसी के रहने वाले है। ये नोएडा, दिल्ली-एनसीआर की कॉलोनियों, सोसायटियों और फैक्ट्रियों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर बाइक और स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी कर लेते थे। चोरी के वाहनों को कुछ दिन अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखते है।

इसके बाद सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल मोबाइल स्नैचिंग जैसी वारदातों में भी करते थे। इनके पास से बरामद 17 वाहनों में से 9 वाहन नोएडा और दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों से संबंधित पाए गए हैं। इनमें फेज-1, सेक्टर-63, इंदिरापुरम, गाजीपुर, कालिंदी कुंज, मंडावली और चाणक्यपुरी समेत कई क्षेत्रों से चोरी हुई बाइक और स्कूटी शामिल हैं।

**चीढ़ा पर 30 मुकदमे है दर्ज:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी सूरज उर्फ चीढ़ा पर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में वाहन चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के करीब 30 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अन्य दोनों आरोपियों का भी लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। इसकी जानकारी अन्य जनपदों को भेजी गई है।

# जनगणना-2027 के तहत सेक्टर-30 में स्वयं गणना अभियान शुरू

**नोएडा।** जनगणना-2027 कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर-30 क्षेत्र में स्वयं गणना अभियान की शुरुआत कर दी गई। नागरिक अब आधिकारिक वेबसाइट ब.बमदेने. हवअ.पद पर जाकर स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। अभियान का शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में सांसद महेश शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी इन्द्र प्रकाश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्रा, डीजीएम दीपक कुमार तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश शर्मा ने कहा कि देश की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान में भाग लें और स्वयं अपनी जानक. ारी दर्ज कर जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से स्वयं गणना की सुविधा मिलने से लोगों को पारदर्शी और सरल प्रक्रिया का लाभ मिलेगा। इससे आंकड़ों के संकलन में तेजी आएगी और योजनाओं के निर्माण में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश ने भी स्वयं गणना अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नागरिकों को इस पहल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 7 मई से 21 मई के बीच अधिक से अधिक लोग अपनी स्वयं गणना अवश्य करें।

अधिकारियों के अनुसार यह अभियान जनगणना-2027 की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऑनलाइन स्वयं गणना प्रणाली के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी जानकारी सुरक्षित और सरल तरीके से दर्ज कर सकेंगे। प्रशासन का मानना है कि इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक प्रभावी और तकनीकी रूप से मजबूत बनेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर वेबसाइट पर जाकर अपनी जानकारी भरें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## मरीज रेफर न करने पर परिजनों का हंगामा

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में गुरुवार को मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर नहीं करने पर परिजनों ने हंगामा किया। डॉक्टरों के आश्वा. सन के बाद मामला शांत हुआ। मरीजों के परिजनों ने गंभीर मरीजों के दूसरे अस्पताल में रेफर नहीं करने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर सीएमएस कार्यालय के सामने हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का इलाज इसी अस्पताल में ही किया जा रहा है, लेकिन अस्पताल के पास सुविधा नहीं है। इलाज में भी लापरवाही बरती जा रही है। अव्यवस्था की शिकायत करने पर बद्तमीजी की जाती है।

# नोएडा प्राधिकरण ने उद्यान कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

- **लापरवाही पर जताई नाराजगी**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने गुरुवार को बोर्ड रूम सभागार में उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान उद्यान खंड-प्रथम के अंतर्गत डी-पार्क सेक्टर-62 के नवीनीकरण कार्य में हो रही देरी पर एसीईओ ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 सितंबर 2026 तक कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही वाइब्रेशन पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों में शिथिलता बरतने पर संबंधित उप निदेशक (उद्यान) और सहायक निदेशक (उद्यान) से स्पष्टीकरण भी मांगा गया। बैठक में उद्यान खंड-द्वितीय के अंतर्गत चंपियन पार्क सेक्टर-94 के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 15 जुलाई 2026 तक पार्क का संपूर्ण विकास कार्य पूरा कर लोकार्पण की तिथि निर्धारित की जाए। इसके अलावा उद्यान खंड-तृतीय के अंतर्गत डियर पार्क सेक्टर-91 के लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराने और पार्क के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-167 में प्रस्तावित लेक-व्यू पार्क के आकलन की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करने को भी कहा गया।

बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए शहर के विभिन्न सेक्टरों में सड़क किनारे लगे पुराने और जर्जर पेड़ों की छंटाई तथा झुकी हुई शाखाओं को हटाने के निर्देश भी जारी किए गए। अधिकारियों से कहा गया कि नागरिकों और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई समय रहते पूरी की जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए एसीईओ ने सभी संविदाकारों और विभागीय कर्मचारियों के कार्य समय में बदलाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों से सुबह 7:30 बजे से कार्य शुरू कराया जाए, ताकि दोपहर की तेज गर्मी में काम प्रभावित न हो और कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर न पड़े। बैठक के दौरान सभी उद्यान अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की आवासीय कल्याण समितियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। एसीईओ ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मिलने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे शहर के पार्कों और हरित क्षेत्रों का बेहतर रखरखाव हो सके। नोएडा प्राधिकरण की इस समीक्षा बैठक को शहर के पार्कों और हरित क्षेत्रों को अधिक व्यवस्थित और आकर्षक बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, एक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-67 में ट्रक ने बुधवार रात बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। फेज-3 थाने की पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के शाहीन बाग निवासी शेख आजम ने पुलिस को बताया कि उनका साला प्यारूद्दीन मिर्जा वर्तमान में सेक्टर-63 स्थित छिजारसी में रहता था। वह एक फैक्टरी में नौकरी करता था। उसके साथ बहलोलपुर गांव निवासी दोस्त अनिल कुमार भी फैक्टरी में काम करता है। बुधवार रात करीब 8.30 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे।

जैसे ही दोनों सेक्टर-67 पहुंचे तो पीछे से एक तेज गति से चलाकर आ रहे हरियाणा नंबर के ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। पीड़ित के अनुसार इस घटना में प्यारूद्दीन मिर्जा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि ट्रक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसी फटने से घर में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा सेक्टर में बुधवार रात एक मकान में एसी फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर बीटा 1 स्थित मकान नंबर ई-166 के फर्स्ट फ्लोर पर रात करीब सवा दस बजे हुई। यह मकान अमित कुमार का बताया जा रहा है। एसी में हुए ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगते ही घर में मौजूद लोग तुरंत नीचे उतरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ, हालांकि घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीटा 1 सेक्टर के फर्स्ट फ्लोर पर एक मकान में एसी ब्लास्ट के कारण आग लगी थी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### एलएलबी छात्र हत्याकांड का दूसरा आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एलएलबी छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी वीर सिंह को भी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। वीर सिंह पर छात्र को तीन गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इससे पहले सुबह भी पुलिस ने इस मामले के एक अन्य आरोपी टिल्लू उर्फ मंगेश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। यह घटना 5-6 मई 2026 की रात साकीपुर गांव में हुई थी। घर के सामने नाली के कचरे को जलाने को लेकर हुए विवाद में आरोपी टिल्लू, वीर सिंह और अन्य लोगों ने 25 वर्षीय साजन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। साजन को तीन गोलियां लगी थीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। ।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं।मृतक और आरोपी पड़ोसी है,साजन रात्रि में शादी समारोह से वापस आया था, तभी आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया। थाना सूरजपुर पुलिस एमटैक के सामने तिराहे पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। मोटरसाइकिल सवार ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया, जिसकी पहचान साकीपुर निवासी वीर सिंह के रूप में हुई।

# ससुर पर छेड़छाड़ और दहेज मांगने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाने में एक महिला ने पति, सास और ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता ने ससुर पर छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-11 निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक नामी कंपनी में काम करती हैं। उनकी मुलाकात करीब तीन वर्ष पूर्व हिंडन विहार निवासी युवक से हुई। कुछ दिनों बाद उसने शादी का प्रस्ताव रखा। वर्ष 2023 में दोनों की सहमति से शारीरिक संबंध बने। बाद में उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है।

जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसने मारपीट की। पीड़िता के अनुसार वह उसके घर में 16 दिसंबर वर्ष 2023 को जबरन घुस गया और उसकी बहन के साथ अश्लील हरकत की। उसने धमकी देकर कहा कि यदि वह उसके साथ लिवइन में नहीं रही तो वह उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। महिला ने आरोप लगाया है कि वह उसे लगातार धमकी देता रहा। दोनों ने 12 फरवरी 2024 को आर्य समाज मंदिर गाजियाबाद में शादी कर ली। जहां आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया। महिला के अनुसार उसके सास, ससुर भी उसके घर रहने के लिए आ गए।

## डाकघर में आधार कार्ड का एक और काउंटर खुलेगा

**नोएडा।** सेक्टर-19 स्थित डाकघर में आधार कार्ड बनाने के लिए तीसरी काउंटर शनिवार से शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए सिस्टम इंस्टॉल हो गया है। उसका परीक्षण भी हो चुका है। ज्योग्राफिकल टैगिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हेड पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि दो आधार सेवा काउंटर हैं। इसमें रोजाना 150 से अधिक नए आधार कार्ड बनते हैं और त्रुटियों को ठीक किया जाता है। आधार कार्ड अपडेट कराने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इस कारण एक और काउंटर बनाया गया है। इसके शुरू होने के बाद रोजाना 250 से अधिक नए आधार कार्ड बनाए जा सकेंगे। आधार कार्ड का काम भी हो सकेगा।नया काउंटर शुरू होने से लोगों की भीड़ कम होगी।

# सिगरेट-कोल्डड्रिंक के ओवररेट पर जमकर चले लात-घूसे, एक का दांत टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज दो थाना क्षेत्र के ककराला गांव में दो पक्ष दुकान पर सिगरेट और कोल्डड्रिंक के ओवररेट को लेकर आमने-सामने आ गए। ग्राहक और दुकानदार के बीच में विवाद के दौरान वहां कोल्डड्रिंक सप्लाई करने वाला भी उलझ बैठा।

थप्पड़ और घूसेबाजी होने पर विवाद बढ़ता चला गया। लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर भेज दिया था, लेकिन कुछ देर बाद दोनों पक्षों ने अपने-अपने साथियों को बुलाकर एक-दूसरे से मारपीट की थी। हमले में एक पक्ष से व्यक्ति का दांत टूट गया, जबकि दूसरे पक्ष की किशोरी के पेट में चोट आई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ फेज दो थाने में मुकदमे दर्ज कराए। पुलिस ने एक आरो. पित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ककराला गांव के उस्मान कोल्डड्रिंक सप्लाई का काम करते हैं। उनका भाई रहमान शनिवार रात करीब 11 बजे दुक. ानदार राशिद की दुकान पर सप्लाई करने गया था।

**कोल्डड्रिंक के रेट को लेकर हुआ था विवाद:** वहां पर मदिने होटल के मालिक व नौशाद के साले से कोल्डड्रिंक के रेट को लेकर विवाद हो गया था। नौशाद का साले ने बहस करते हुए मारपीट की थी।

रहमान की सूचना पर उस्मान व उनके माता-पिता मौके पर पहुंचे थे। नौशाद के साले ने महराज, खान, हाजी, इजाजू समेत 10 लोगों को बुलाकर लोहे की राड आदि से मारपीट की थी। हमले में उस्मान का दांत टूट गया था। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर मेडिकल कराया था। उधर, मोमिना के पति रहीस घर के बराबर में दुकान पर सिगरेट पीने गए थे। वहां पर सिगरेट के 12 के बजाय 14 रुपये लेने का विरोध किया था। वहां खड़े रहमान ने 14 रुपये नहीं देने पर दुकान से दफा करने की बात बोली थी।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 56.93 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने गिझौड़ गांव में रहने वाले आईटी कंपनीकर्मी को शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 56.93 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट पर शेयर खरीदने के नाम पर 24 बार में रुपये ट्रांसफर कराए। साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पीड़ित विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-144 स्थित आईटी कंपनी में नौकरी करते हैं। इसी साल नौ फरवरी को उनके व्हाट्सऐप नंबर को मार्केट इंफॉर्मेशन कंसल्टिंग क्लब (308) नाम के एक ग्रुप में जोड़ा दिया गया। ग्रुप में शेयर मार्केट और ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़ी जानकारी दी जाती थी। ग्रुप में जुड़े कई लोग निवेश करने और मुनाफे की जानकारी साझा कर रहे थे। ट्रांजेक्शन के स्क्रीन शॉट भी डाल रहे थे। शुरुआत में ग्रुप में दी गई टिप्स से अच्छा मुनाफा दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद ग्रुप के एडमिन ने विकास कुमार को एम. कैलामोसाडू डॉट कॉम नाम की एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट पर निवेश करने के लिए कहा। ठगों ने दावा किया कि यहां निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलेगा। पीड़ित ने 24 फरवरी को पहली बार 50 हजार रुपये निवेश किए। धीरे-धीरे उन्हें ज्यादा रिटर्न का लालच दिया गया और 11 अप्रैल तक उन्होंने कुल 24 बार में 56 लाख 93 हजार रुपये अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिए। वेबसाइट पर उनके खाते में लगातार मुनाफा दिखाया जा रहा था, लेकिन जब उन्होंने रकम निक. ालने की कोशिश की तो ठगों ने टैक्स, प्रोसेसिंग फीस और अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर और रुपये जमा कराने की मांग शुरू कर दी। रकम जमा नहीं करने पर निकासी रोक दी गई। पीड़ित ने कई बार उन्हें कॉल और मैसेज किया, लेकिन ठगों ने संपर्क तोड़ लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 12 अप्रैल को राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई।

**गुजरात, तमिलनाडु, बिहार और महाराष्ट्र के खातों में गई रकम:** पुलिस के मुताबिक ठगों ने पीड़ित को झांसे में लेकर बोला कि उन्हें बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर करनी होगी, जिसे वे लोग निवेश कर देंगे, लेकिन इस तरह कभी ट्रेडिंग नहीं होती है। वहीं ठगों ने खाते बदल-बदलकर उन्हें रुपये भेजने के लिए बोला। जांच में सामने आया है कि रकम गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बैंक खाते ट्रांसफर की गई है। पुलिस अब खाताधारकों और फर्जी ट्रेडिंग नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

**साइबर ठगी होने पर यहां करें शिकायत:** साइबर ठगी होने पर जितना जल्दी शिकायत दर्ज कराएंगे, उतनी जल्दी राशि फ्रीज कराने में आसानी होगी। ठगी होने के 24 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल(एनसीआरपी) पर शिकायत अवश्य दर्ज करा दें।

# नोएडा हिंसा मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में हाल ही में श्रमिकों और कामगारों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की अब मजिस्ट्रियल जांच होगी। यह निर्णय कानून-व्यवस्था और लोक व्यवस्था पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए लिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, गौतम बुद्ध नगर, अजय कुमार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। बीती 13 अप्रैल 2026 को थाना फेस-2 और थाना सेक्टर-63 में दो अलग-अलग स्थानों पर श्रमिकों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया था। इन घटनाओं के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ गई थी, जिसके चलते पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा।इन संपूर्ण घटनाओं की गहन मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि किन कारणों और कारकों से जगह-जगह हिंसक प्रदर्शन हुए, तथा किन व्यक्तियों या संगठनों के उकसावे पर यह उपद्रव और हिंसा भड़की।इस मजिस्ट्रियल जांच के संबंध में, सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की गई है। यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी है, या वे अपना मौखिक/लिखित साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (जैसे ऑडियो या वीडियो) प्रस्तुत करना चाहते हैं।

# परीक्षा में फेल होने पर भाई ने डांटा, तो किशोरी ने छोड़ा घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक ही कक्षा में दूसरी बार फेल होने के बाद भाई ने अपनी नाबालिग बहन को डांट दिया। इस बात से नाराज होकर किशोरी घर छोड़कर चली गई। किशोरी के भाई ने इस बारे में फेज-1 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर-5 स्थित हरौला गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से बिहार के जिला नवादा के रहने वाले हैं। यहां किराये पर रहते हैं। चार मई की सुबह पांच बजे उनकी 17 वर्षीय बहन बिना बताए कहीं चली गई। उसे संभावित स्थानों पर खोजा, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन का पढ़ाई में मन नहीं लगता।

वह अक्सर मोबाइल का इस्तेमाल करती रहती है। वह एक ही कक्षा में दो बार फेल हो गई थी। इसको लेकर उन्होंने तीन मई को बहन को डांट दिया था। संभावना है कि इसी बात से बहन नाराज हो गई और घर छोड़कर चली गई। पीड़ित ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बहन के साथ कोई अनहा. ेनी हो सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की दो टीमें किशोरी की तलाश कर रही हैं।

## जिम्स में एडवांस पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** क्लबफुट, डेवलपमेंटल डिस्प्लेसमेंट ऑफ हिप (डीडीएच), अंगों की विकृतियों और जटिल फ्रैक्चर से जूझ रहे बच्चों के इलाज की सुविधा जिम्स में शुरू हो गई है। जिम्स की सुविधाओं के निरीक्षण पर आए मुख्य अतिथि भारत के पूर्व औषधि नियंत्रक जनरल (डीजीसीए) और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह ने एडवांस पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सार्वजनिक-निजी भागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बुकिंग शुरू

- **15 जून से शुरू होगी फ्लाइट सेवा, डीएक्सएन कोड से होगी एयरपोर्ट की पहचान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान के लिए यात्री टिकट गुरुवार शाम से बुकिंग शुरू हो चुकी है। एयरपोर्ट पर 15 जून से पहली विमान सेवा शुरू होनी है। पहली फ्लाई नोएडा से लखनऊ तक की होगी। मेक माई ट्रिप पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहचान डीएक्सएन कोड से होगी। हालांकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर यह कोड पिछले कुछ महीने से दिख रहा है। लेकिन सर्च करने पर फ्लाइट नहीं दिखा रहा था। ऐसे में यह सभी जानकारी गुरुवार से ऑनलाइन हो सकती।

बता दें, पहले फेज के तहत 1334 हेक्टेयर में एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। इसमें 3900 मीटर लंबा रनवे, एक टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर और 30 एकड़ में कार्गो हब शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अब यहां से घरेलू और कार्गो उड़ान शुरू करने की तैयारी चल रही है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) ने बताया कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) से एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम मंजूर होने के बाद अधिकारिक तौर से उड़ान के लिए 15 जून तय की गई है। शुरुआत में इंडिगो एयरलाइंस ही अपनी सेवा देगी। इसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एयरलाइंस भी सेवा शुरू करेगी। पिछले दिनों यापल की बोर्ड बैठक में 17 शहरों के लिए उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव मिला था।

**30 दिन पहले से होगी टिकट बुकिंग:** एयरपोर्ट पर उड़ान से 30 दिन पहले टिकट बु. कंग सेवा शुरू करने का नियम है। ऐसे में आज होने वाली मीटिंग का इसका फैसला संभवता हो सकता है। वहीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान के पहले दिन से ही बस सेवा शुरू हो जाएगी। राज्यों के परिवहन निगम ने बस संचालन को लेकर अपने रूट तय कर लिए हैं। एयरपोर्ट से उत्तरप्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड तक बसें चलेगी।

**रनवे के लिहाज से एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 5 रनवे बनाए जाने हैं। यहां छठवां रनवे भी बनाया जा सकता है। इसके बाद ये एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का छठवें नंबर का एयरपोर्ट होगा। रनवे के लिहाज से एशिया में चीन का शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट सबसे बड़ा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# स्कूल जा रहे बच्चों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

## छह घायल, दो छात्राओं की हालत नाजुक, चालक मौके पर कार छोड़ हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब स्कूल जाने की तैयारी में सड़क किनारे खड़े बच्चों को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छह बच्चे घायल हो गए, जिनमें दो छात्राओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया गया कि कमालपुर रोड पर रोजाना की तरह कई स्कूली बच्चे वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी तेज गति से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्चे



सड़क पर दूर तक जा गिरे। हादसे में कमालपुर निवासी सोनिया और दतावली निवासी नीलम गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि आंसू, अंजली, ऋषिका और बुलबुल को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद चालक घबरा गया और कुछ देर तक मौके पर खड़ा रहा। बाद में उसने घायल बच्चों को अपनी ही कार में बैठाकर नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में बच्चों को भर्ती कराने के बाद आरोपी चालक कार वहीं छोड़कर चुपचाप फरार हो गया। चालक के फरार होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। सूचना मिलते ही मेडिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अस्पताल परिसर से कार को कब्जे में ले लिया है। साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हादसे के बाद घायल बच्चों के परिवारों में दहशत और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### सऊदी अरब में सड़क हादसे में अजराड़ा के युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** थाना क्षेत्र के गांव अजराड़ा निवासी 25 वर्षीय नाजिम पुत्र इकरामुद्दीन की सऊदी अरब में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बुधवार देर रात हुए हादसे की सूचना जैसे ही बृहस्पतिवार सुबह गांव पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि नाजिम करीब छह माह पहले परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और घर की जिम्मेदारियां उठाने के लिए सऊदी अरब गया था। वहां वह ड्राइविंग का कार्य करता था और अपनी मेहनत की कमाई से पूरे परिवार का सहारा बना हुआ था। बुधवार रात ड्यूटी के दौरान हुए सड़क हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि उसे बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। परिजनों के अनुसार नाजिम चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसने कम उम्र में ही परिवार का सहारा बनने का फैसला लिया था।

# जिला जज अनुपम कुमार ने लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में अनुपम कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सुलभ निस्तारण किया जाता है, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि, महत्व एवं लाभों के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर न्यायिक अधिक. ारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मकान पर अवैध कब्जे की कोशिश करने वालों के खिलाफ एसएसपी से कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बृहस्पतिवार को लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक मकान पर अवैध कब्जे की कोशिश, पीड़ित ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग, लिसाड़ी गेट पुलिस पर कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाएं। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के गांव लिसाड़ी का रहने वाले आस्फि अली ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर कुछ लोगों पर मकान का ताला तोड़कर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित आरोप लगाया हुए बताया कि आरोपी हथियारों के बल पर मकान में घुसे और तोड़फोड़ करने लगे। सूचना देने के बावजूद थाना लिसाड़ी गेट पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का आरोप है कि फैंटम पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की रात पुलिस चौकी और थाने के चक्कर काटे लेकिन बदमाश हथियारों के बल पर मकान में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे और कमरों के ताले तोड़कर अवैध कब्जा करने की कोशिश करने लगे। पीड़ित ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर साजिद पुत्र सलीम, आबिद और यामीन व अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पीड़ित के साथ के अधिवक्ता भी एसएसपी अविनाश पांडे से मिले, जिस पर पुलिस प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ब्रह्मपुरी पुलिस ने हथियारों का जखीरा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शाहिद उर्फ भूरा पुत्र युसूफ को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के पास से एक 32 बोर की पिस्टल, तीन तमंचे और कई जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी से हथियारों की खरीद-फरोख्त और उसके नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों के कारोबार से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। साथ ही उसके नेटवर्क और अन्य संभावित साथियों की तलाश में जांच तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।





# क्लियर प्रीमियम वॉटर ने लॉन्च किया अब तक का सबसे डिसरप्टिव कैंपेन 'पानी हो तो क्लियर'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में डुप्लिकेट सामान का बाजार वर्षों से लगातार फैलता जा रहा है। कोलाबा कॉजवे से लेकर चांदनी चौक जैसे बड़े बाजारों तक स्नीकर्स, सनग्लासेस और हैंडबैग जैसी चीजों की नकल आसानी से देखने को मिलती है। अब यही ट्रेंड ज्यादा चिंताजनक रूप में पीने के पानी के क्षेत्र में भी दिखाई देने लगा है, जहां लुकअलाइक बोतलबंद पानी के ब्रांड ग्राहकों के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं। इसी स्थिति के बीच क्लियर प्रीमियम वॉटर ने अपना अब तक का सबसे डिसरप्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। 'पानी हो तो क्लियर' नाम के इस कैंपेन में ब्रांड एम्बेसडर ऋतिक रोशन की लोकप्रियता और उनकी सिनेमाई विरासत को केंद्र में रखते हुए एक मजबूत और स्पष्ट संदेश दिया गया है। कुछ वर्षों में लुक. अलाइक ब्रांड्स की संख्या तेजी से बढ़ी है।

क्लियर प्रीमियम वॉटर के अनुसार, यह मामला अब केवल मार्केटिंग या ब्रांडिंग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्राहकों के स्वास्थ्य और विश्वास से सीधे जुड़ा मुद्दा बन गया है। क्लियर प्रीमियम वॉटर के फाउंडर और सीईओ नयन शाह ने कहा कि यह कैंपेन प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि ग्राहकों की आवाज उठाने के लिए है। जहां नकल ग्राहकों की समझ को धुंधला बना सकती है, वहां हमारी जिम्मेदारी स्पष्टता वापस लाने की है।

# परीक्षितगढ़ पुलिस ने छः वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सीओ सदर देहात तथा थाना अध्यक्ष परीक्षितगढ़ सुदीश सिंह सिरोही के अथक प्रयास से बृहस्पतिवार को थाना पुलिस ने विभिन्न गांव से छः वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि थाना पुलिस ने नीरज पुत्र मंगते ग्राम नारंगपुर थाना परीक्षितगढ़ सुमित पुत्र वीरेंद्र ग्राम बहलोलपुर, गुलफाम पुत्र बूदू ग्राम सौंदत, चंद्र प्रकाश पुत्र जगदीश, जीते पुत्र धन्नू, कृष्ण पाल पुत्र मंगू ग्राम अलीपुर थाना परीक्षितगढ़ को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

# लाइन जांच के दौरान बवाल, सभासद और लाइनमैन में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील रोड स्थित मोहल्ला सुलेमानशाह में गुरुवार दोपहर बिजली लाइन की जांच के दौरान विवाद खड़ा हो गया। ऊर्जा निगम के संविदाकर्मी लाइनमैन और स्थानीय सभासद के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर जमकर धक्का-मुक्की हुई और दोनों पक्षों के कपड़े तक फट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई, जहां एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

■ **थाने पहुंचे दोनो पक्षों के लोग, देर शाम तक जारी थे समझौते के प्रयास**

गुरूवार दोपहर मोहल्ला सुल. ेमानशाह निवासी दिव्यांग युवक अबरार पुत्र जहीरूद्दीन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बार-बार बिजली लाइन ट्रिप होने की शिकायत के चलते ऊर्जा निगम के संविदाकर्मी राहुल पाल अपने एक साथी के साथ उनके घर पहुंचे थे। इस दौरान लाइनमैन ने मीटर में खराबी बताते हुए तकनीकी दिक्कत का हवाला दिया। आरोप है कि इसी दौरान रुपये की मांग की गई। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया तो दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। अबरार का कहना है कि उन्होंने मामले की जानकारी क्षेत्रीय सभासद रमान अंसारी को दी। सूचना मिलते ही सभासद मौके पर पहुंच गए। इसके बाद लाइनमैन और सभासद के बीच तीखी बहस होने लगी। देखते ही देखते माहौल गर्मा गया और दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान जमकर हंगामा हुआ और लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना किसी स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। इसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई, जहां देर शाम तक पूछताछ चलती रही। वहीं संविदाकर्मी लाइनमैन राहुल पाल ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि वह विभागीय शिकायत पर क्षेत्र में फाल्ट चेक करने पहुंचे थे। आरोप लगाया कि जांच के दौरान सभासद और उनके समर्थकों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। उन्होंने अवैध वसूली के आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताया। मामले की जानकारी मिलते ही ऊर्जा निगम के अधिकारी भी थाने पहुंच गए। एसडीओ रुपेश कुमार, जेई अनंत कुमार और अन्य कर्मचारियों ने घटना की जानकारी ली तथा लाइनमैन के साथ हुई मारपीट पर नाराजगी जताई। विभागीय कर्मचारियों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर सभासद पक्ष के लोगों ने लाइनमैन पर गलत व्यवहार और पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई। दोनों पक्षों ने थाने में अलग-अलग तहरीर देकर एक-दूसरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ की गई है और प्राप्त तहरीरों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास जारी थे, किसी भी पक्ष की तरु से रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।



अ

# वॉलमार्ट ने वैश्विक स्तर पर अवसर बढ़ाने के लिए ग्रोथ समिट 2026 का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वॉलमार्ट ने वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया। वॉलमार्ट इंक के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जॉन फर्नर ने कहा, इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डी2सी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें। हमने अब तक भारत से 40 अरब डॉलर से ज्यादा के उत्पादों की सोर्सिंग की है। वॉलमार्ट उद्यमियों को मजबूत करने एवं सप्लायर्स की क्षमता बढ़ाने, नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण मानक स्थापित करने और मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने पर फोकस कर रहा है।

# ग्राम प्रधान ने गोशाला में 11 हजार रुपये किए दान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास खंड रोहटा क्षेत्र के गांव जंगेठी में ग्राम प्रधान आदित्य द्वारा वृहद गोशाला उकसिया के लिए ग्यारह हजार रुपये की धनराशि भूसे के लिए दान की। बीडीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गौमाता की सेवा और उनके लिए चारे की व्यवस्था के दान करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया की प्रधान आदित्य सिंह गरीबो एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते हैं और गुरुवार को गौशाला में गौमाता के लिए चारे की व्यवस्था करके एक और पुण्य का कार्य किया हैं। उन्होंने अन्य लोगों से भी आगे आकर बढ़-चढ़कर गौमाता के चारे लिए दान करने का आवहान किया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी विरेंद्र सिंह एडीओ पंचायत विश्ववेन्दर सिंह, सचिव सुभाष पंवार, विपिन सांगवान, उमेश तोमर एवं विकास खंड के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दौराला ब्लॉक में सम्पन्न हुई बूथ सत्यापन एवं संगठनात्मक बैठक

■ **बंगाल जीत पर भाजपायों ने जताया पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हर्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सरधना विधानसभा के दौराला मंडल के दौराला ब्लॉक सभागार में बूथ सत्यापन एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र जाटव रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की ओर संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला मंत्री नितिन शर्मा, गन्ना समिति डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाजपाल चौहान, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, मंडल महामंत्री मोहित राणा,डॉ धनेश, विनीत गुर्जर लोईया, मनोज शर्मा,कुलबीर बजरंगी, धीरेंद्र अहलावत, अंकुर चौहान, मुदित विहान, मुदित शर्मा, इंजीनियर विनीत विहान, संजय नामदेव, अमित गुप्ता, संजीत सिंह, ओमेंद्र चौधरी खुर्द, राकेश भारद्वाज, अनिल चौहान, रामबीर अहलावत, मिंटू कश्यप,अक्षय गुप्ता, विपिन चौधरी, विवेक सैन नीरज जाखड़, धीर सिंह, डॉ. ईश्वर, राहुल चौहान सहित अनेक देवतुल्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर भी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। 'जय भाजपा-तय भाजपा' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। बंगाल की जीत से कार्यकर्ताओं में नए जोश और उत्साह का संचार हुआ।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव फिरोजपुर महादेव मंदिर के समीप स्थित एक छोटे मैजिक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों युवकों गंभीर रूप से घायलों को हस्तिनापुर सीएससी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। छोटा मैजिक चालक छोटा मैजिक को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले ली है।

■ **फिरोजपुर महादेव मंदिर के पास टाटा मैजिक ने मारी टक्कर**

थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे सैफपुर-फिरोजपुर रामराज निवासी हिमांशु पुत्र संजय 18 वर्ष, पवन पुत्र विनोद उम्र 16 वर्ष बाइक पर सवार होकर बहसूमा की और से गांव वापस जा रहे थे। जैसे ही फिरोजपुर महादेव मंदिर के पास पहुंचे तो एक छोटा मैजिक दें सीधे बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से हस्तिनापुर सीएससी इलाज हेतु भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अज्ञात छोटा मैजिक चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी मेरठ भेज दिया है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर थाना ला खड़ा कर दिया है। अभी तक मामले की कोई तहरीर थाने पर नहीं आई है। तहरीर आते भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### महिला ने यौन शोषण व धमकी देने का लगाया आरोप

**मेरठ।** मेरठ की रहने वाली अंजु शर्मा ने मुकुट महल होटल के मालिक नरेश गुप्ता और उसके बेटे प्रशांत गुप्ता पर लंबे समय तक यौन शोषण, धमकी और देह व्यापार के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है।


**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 210351598 वास्तव में कहीं खो गया है।

**राबिया सैफी** पुत्री भौ0 साजिद सैफी, खुर्जा बुलंदशहर।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट सं.-M9070490 में मेरे पिता का नाम MOHD SALAMUDDIN अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम SALAMUDDIN अंकित है। MOHD SALAMUDDIN व SALAMUDDIN दोनों नाम मेरे पिता जी के ही हैं। -दानिश पुत्र मौहम्मद सलामुद्दीन निवासी मकान सं.-121, कोठी अतानस, केसर गंज, जिला मेरठ।

# मोड़कला गांव में तेंदुआ पेड़ पर चढ़े होने से गांव में दहशत

## वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा, कालागढ़ सेंचुरी एरिया में छोड़ा जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव मोडकला में उस वक्त दहशत का माहौल बन गया जब तेंदुआ पेड़ पर चढ़ते हुए देखा गया। जिसमें ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने पुलिस एवं वन विभाग को तेंदुआ होने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विभागीय कर्मचारियों ने तेंदुआ को पकड़ने की कोशिश की लेकिन तेंदुआ पेड़ से छलांग लगाते हुए खेतों की ओर दौड़ लगा दी। तेंदुआ होने की सूचना पर आसपास के गांव में अफरा-तफरी मची हुई है और ग्रामीण दहशत में है। वन विभाग की टीम ने अपनी सूझबूझ से रेस्क्यू करते हुए चारे के खेत के चारों ओर जाल लगाते हुए अपनी बेहोश करने वाली गन की प्वाइंट से बेहोश करते हुए पकड़ लिया तथा जाल में कैद कर दिया जिससे ग्रामीण एवं वन विभाग की टीम में खुशी की लहर दौड़ गई।

बताते चले कि क्षेत्र के गांव मोडकला निवासी गुरुवार की सुबह दयानंद पुत्र धर्मवीर अपने खेत पर चारा लेने गया था उसने देखा कि पेड़ पर कोई जानवर बैठा है। शायद बंदर बैठा हो। उसने पास जाकर देखा तो तेंदुआ बैठा हुआ देखा तो उसके होश उड़ गए और दहशत होते ही गांव की भाग खड़ा हुआ। रास्ते अन्य किसानो ने भागते हुए देखा तो पूछा क्यों भाग रहे हो तो उसने तेंदुआ की जानकारी दी। तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। खेतों में खुलेआम घूमते हुए तेंदुए को देखकर लोगों में अपना-आपरी मच गई। बताया जा रहा है कि तेंदुआ कुछ देर एक पेड़ पर चढ़ा हुआ देखा है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस एवं वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारी कर्मचारियों ने तेंदुआ को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों व कुत्तों की भोंकने की आवाज से तेंदुआ पेड़ से छलांग लगाते हुए चारे के खेत जा घुसा। ग्रामीण अमरजीत देशवाल, देवेंद्र सिंह, दयानंद, अर्जुन कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह के समय ग्रामीण रोजाना की तरह अपने खेतों पर काम करने के लिए निकलते थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने खेतों के पास एक तेंदुआ को घूमते हुए देखा। तेंदुआ की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। तेंदुआ ग्रामीणों व कुत्तों को देखकर एक पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस टीम एवं वन विभाग टीम ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए जंगलों में रेसक्यू किया, और जगह-जगह खेतों में जाल लगा दिये। वन विभाग की टीम में ग्रामीणों को सतर्क एवं सहयोग करते रहे। वन रेंजर ने मौके पर पहुंचकर अपनी टीम द्वारा चारे के खेत में चारों ओर से जाल लगाकर घुसा तेंदुआ को रेस्क्यू करते हुए अपनी





पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ व मौके पर रेस्क्यू करती वन विभाग व पुलिस की टीम।



पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ व मौके पर रेस्क्यू करती वन विभाग व पुलिस की टीम।

बेहोश करने वाली गन के प्वाइंट पर लेटे हुए हुए पकड़ लिया। जिससे ग्रामीण एवं वन विभाग की टीम में खुशी की लहर दौड़ गई और दहशत का माहौल खत्म हो गया। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह एवं चौकी प्रभारी आशीष यादव, वन रेंजर खुशबू उपाध्याय ने बताया कि गांव मोड़कला में तेंदुआ होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस टीम एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुआ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू किया गया। जिसमें तेंदुए को बेहोश करने वाली गन प्वाइंट पर लेते हुए पकड़ लिया गया। वन रेंजर खुशबू उपाध्याय ने बताया कि तेंदुए को पहले रेंज में लेकर जाएंगे उसके बाद अधिकारियों के निर्देश के बाद कालागढ़ सेंचुरी एरिया में छोड़ा जाएगा।

## पानी की कमी से किडनी में पथरी और डिहाईड्रेशन जैसी हो रहीं परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गर्मी के किडनी स्टोन के मामलों में लगभग 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसका सबसे बड़ा कारण है पसीने के रूप में हमारे शरीर से निकलने वाले पानी की भरपाई न हो पाना, जो विभिन्न यूरोलॉजी संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। यूरिन से संबंधित ऐसी ही अलग-अलग बीमारियों के बारे में बुधवार को नोवा हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम ने आमजन को जागरूक किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में डॉ. विनय कुमार राय, कंसल्टेंट, फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा की उपस्थिति में ओपीडी का शुभारंभ किया गया। डॉ. पीयूष वार्ष्णेय ने कहा कि इस पहल से मरीजों को दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें बेहतर इलाज अपने ही शहर में मिल सकेगा।

# CCTNS रैंकिंग में बुलंदशहर-हापुड़ ने मारी बाजी, प्रदेश में प्रथम स्थान

■ डीआईजी कला निधि नैथानी के नेतृत्व में मेरठ रेंज कर रहा बेहतर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ परिक्षेत्र के लिए गर्व का क्षण। मार्च-2026 की प्रदेश स्तरीय CCTNS रैंकिंग में जनपद बुलन्दशहर और हापुड़ ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में दोनों जिलों ने टॉप-10 सूची में सर्वोच्च प्रदर्शन किया।

पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, कलानिधि नैथानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय हर माह 16 पैरामीटर्स पर जिलों की CCTNS रैंकिंग जारी करता है। इनमें डेटा सिंक, अपराध विश्लेषण पोर्टल, शिकायतों का निस्तारण तथा गिरफ्तार/गुमशुदा व्यक्तियों की फीडिंग प्रमुख हैं।



डीआईजी नैथानी ने बताया कि गत माह रेंज के सभी जनपदों की CCTNS समीक्षा कर उचित दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसका पालन करते हुए हापुड़ और बुलन्दशहर की टीमों ने उत्कृष्ट कार्य किया। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक हापुड़ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर की टीमों की प्रशंसा की। साथ ही परिक्षेत्र के अन्य जनपदों को भी मुख्यालय द्वारा चयनित पैरामीटर्स पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने और भविष्य में निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

# कमर्शियल गैस की कीमतों पर उबाल, प्रदर्शन से पहले व्यापारी नेता लोकेश अग्रवाल नजरबंद

■ व्यापारियों के हंगामे के बाद ज्ञापन घर लेने पहुंचे एससीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर अब व्यापारियों का सब्र टूट गया है लेकिन सरकार की दमनकारी नीति के सामने व्यापारी अपना आक्रोश भी नहीं जता पा रहे हैं और आक्रोश जताने से पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे व्यापारियों पर पहरा बढ़ा देती है, ताजे घटनाक्रम में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले ही उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल को पुलिस द्वारा उनके मीनाक्षीपुरम आवास पर नजरबंद किए जाने से मामला और गरमा गया। व्यापारियों के हंगामे के बाद मेरठ के एसीएम ज्ञापन लेने उनके आवास पर पहुंचे। लोकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि व्यापार मंडल ने 7 मई गुरुवार को नई मोहनपुरी कार्यालय से



मेघदूत चौराहे तक विरोध मार्च और पुतला दहन का कार्यक्रम घोषित किया था लेकिन इससे पहले ही गंगानगर थाना पुलिस ने देर रात कार्यवाही करते हुए लोकेश अग्रवाल के घर पहुंचकर उन्हें बाहर न निकलने की चेतावनी दे डाली। इस कार्यवाही को व्यापारियों ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए प्रशासन पर आवाज दबाने का आरोप लगाया है। नजरबंदी के दौरान लोकेश अग्रवाल ने कहा कि कमर्शियल गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से छोटे होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और मिठाई कारोबारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले ही बाजार मंदी की मार झेल रहा है, ऊपर से बढ़ती लागत व्यापारियों की कमर तोड़ रही है। व्यापारी नेता की नजरबंदी से मेरठ के सदर बाजार, आबूलेन, बेगम पुल और दिल्ली रोड समेत कई प्रमुख बाजारों में व्यापारियों के बीच भारी नाराजगी देखी गई। मैं व्यापारियों की नाराजगी के बाद मेरठ के एसीएम पुलिस प्रशासन के साथ व्यापारी नेता के घर पहुंचे और उनसे ज्ञापन लिया।

# द्वितीय जिला टॉपर युविका की वार्षिक फीस जीटीबी ने की वापस





छात्रा युविका व परिजनों को वार्षिक फीस का चैक देते प्रधानाचार्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विद्यालय की छात्रा कु. युविका ठाकुर को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में द्वितीय जिला टॉपर बनने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनकी वार्षिक फीस की धनराशि 68,580 रुपये वापस करने की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कई नवाचार आधारित शैक्षिक योजनाओं की जानकारी भी दी। स्कूल में नए सत्र से एआई एवं रोबोटिक्स लैब, स्किल विषयों का समावेश, स्पोकन भाषा और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कोर्स शुरू किए जाएंगे। साथ ही JEE/NEET एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए ट्यूशन-फ्री कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी।

प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान और कौशल विकास से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अन्य अतिथियों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मशहूर शायर व कैलिग्राफर गयूर आलम का इंतकाल

■ सरधना समेत आसपास के क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना की अदबी और सामाजिक दुनिया से जुड़ी एक बड़ी शख्सियत मरहूम गयूर आलम का बुधवार शाम बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। वह लगभग 72 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सरधना समेत आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। गयूर आलम अपने मिलनसार स्वभाव, शायरी और बेहतरीन कैलिग्राफी कला के लिए जाने जाते थे। उनकी बनाई गई खूबसूरत कैलिग्राफी देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक मशहूर थी। अदबी हलकों में उन्हें खास सम्मान हासिल था। उनकी शायरी और कला के चाहने वालों की संख्या काफी बड़ी थी। गुरुवार सुबह उनका जनाजा बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में उठाया गया। इसके बाद ईदगाह रोड स्थित कब्रिस्तान में सुबह करीब 11 बजे उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे और दफीने में नगर व आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग, शायर, समाजसेवी और उनके चाहने वाले बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उनके इंतकाल की खबर सुनकर संत चार्ल्स इंटर कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक मास्टर चमन सिंह भी मेरठ से सरधना पहुंचे। अपने पुराने मित्र को आखिरी विदाई देते वक्त वह भावुक हो उठे। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम कर गया। गयूर आलम के निधन को अदबी जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। लोगों का कहना था कि उनकी शायरी, कला और मिलनसार व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जाएगा।

## दोस्ती की मिसाल बने मास्टर चमन सिंह, आखिरी विदाई देते हुए छलक पड़े आंसू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरुवार को सरधना में इंसा. नियत, भाईचारे और सच्ची दोस्ती की एक भावुक तस्वीर देखने को मिली। संत चार्ल्स इंटर कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक मास्टर चमन सिंह अपने पुराने मित्र मरहूम गयूर आलम के इंतकाल की खबर सुनते ही मेरठ से खुद कार चलाकर सरधना पहुंचे और उनके जनाजे व दफीने में शामिल होकर नम आंखों से अपने दोस्त को आखिरी विदाई दी। 84 वर्षीय मास्टर चमन सिंह जब कब्र पर फूल-माला अर्पित कर रहे थे, तब वहां मौजूद हर शख्स भावुक हो उठा। अपने जिगरी दोस्त को खोने का दर्द उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। आखिरी विदाई के दौरान वह खुद को संभाल नहीं सके और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। मास्टर चमन सिंह सरधना नगर और देहात क्षेत्र में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने करीब 40 वर्षों तक सरधना के ऐतिहासिक संत चार्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और सादगी भरे व्यक्तित्व की वजह से हजारों छात्र आज भी उन्हें सम्मान के साथ याद करते हैं। वर्ष 2003 में सेवानिवृत्त होने के बाद वह अपने परिवार के साथ मेरठ में रहने लगे, लेकिन सरधना और यहां के लोगों से उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ। जैसे ही उन्हें अपने मित्र गयूर आलम के इंतकाल की खबर मिली, वह तुरंत सरधना के लिए रवाना हो गए। मौजूद लोगों का कहना था कि आज के दौर में ऐसी दोस्ती बहुत कम देखने को मिलती है, जहां उम्र और दूरी भी रिश्तों को कमजोर नहीं कर पाती। मास्टर चमन सिंह और गयूर आलम की दोस्ती लोगों के लिए मिसाल बन गई।



अपने दोस्त को अंतिम विदाई देते मास्टर चमन सिंह।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

■ फर्जी नंबर प्लेट वाली स्कूटी बरामद

■ रेलवे रोड़ पर की गली में कई थी छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना रेलवे रोड़ पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के दूसरे चरण के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग युवती से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी दो स्कूटी भी बरामद हुई हैं।

पुलिस के अनुसार बीती 23 अप्रेल को एक व्यद्रित ने थाना रेलवे रोड़ में तहरीर दी थी कि उनकी 14 वर्षीय बेटी के साथ ट्यूशन से घर लौटते समय स्कूटी सवार एक युवक ने बीच सड़क रोककर छेड़छाड़ की। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना रेलवे रोड़ में मु.अ.सं. 43/2026 के तहत धारा 74, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने रामताल वाटिका क्षेत्र से दो आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मौ. बिलाल उर्फ छोटा पुत्र इस्लामुद्दीन, निवासी कोटला मीट मार्केट घंटाघर, थाना देहली गेट और अरशम पुत्र इकरामुद्दीन, निवासी जली कोठी अतानस, थाना देहली गेट के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कूटी का इस्तेमाल कर रहे थे। बरामद स्कूटी के संबंध में धारा 345(3) व 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उ.नि. वैभव यादव, उ.नि. कुँवर आकाश सिंह, उ.नि. त्यागी वर्मा, उ.नि. नवनीत कुमार और उ.नि. अनुरूद्ध कुमार शामिल रहे।

# सामाजिक-राजनीतिक विमर्श को नई दिशा, हुकुम सिंह के शोध प्रबंध की विद्वानों ने की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत राजनीति विज्ञान के पीएच.डी. शोधार्थी हुकुम सिंह की मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। उनके शोध प्रबंध का विषय 'दलित समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक उत्थान में बहुजन समाज पार्टी की भूमिका' रहा, जिसे उपस्थित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने अत्यंत प्रासंगिक एवं शोधपरक बताया। इस अवसर पर शैक्षणिक जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. असलम खान, प्रोफेसर, नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कनफ्लिक्ट रेजोल्यूशन, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. प्रभात कुमार, संयोजक अकादमिक कार्यय डॉ. सुधीर त्यागी, डीन, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेजय प्रो. (डॉ.) सरताज अहमद, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयरय प्रो. (डॉ.) तारक नाथय तथा शोध निर्देशक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मौखिक परीक्षा के दौरान शोधार्थी हुकुम सिंह ने अपने शोध विषय से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर गहन एवं तथ्यपरक प्रस्तुति दी। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों, दलित समाज के उत्थान में उसकी भूमिका तथा सामाजिक परिवर्तन के संदर्भ में महत्वपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों ने शोधार्थी के गहन अध्ययन, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण एवं विषय की गंभीर समझ की सराहना करते हुए इसे समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के शिक्षक गण एवं शोधार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन विश्वविद्यालय की शोधपरक एवं अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।



# देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभी गौतम पुत्र कालू निवासी ग्राम स्याल, थाना भावनपुर के रूप में हुई है।

थाना भावनपुर पुलिस के अनुसार, 6 मई को ग्राम टिकरी थाना जानी निवासी विपिन पुत्र बुद्ध प्रकाश ने थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभी गौतम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिन्दू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्ति. जनक टिप्पणी पोस्ट की, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मु.अ.सं.- 146/2026 धारा- 353(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। धारा 353(2) बीएनएस लोक शांति भंग करने के आशय से असत्य जानकारी या कथन प्रसारित करने से संबंधित है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर चलाए



जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर देहात के पर्यवेक्षण में भावनपुर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष जोगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उ.नि. रोहित कुमार व कां. राहुल कुमार की टीम ने आरोपी अभी गौतम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी मेरठ ने कहा कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पटीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोाित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।

**खेल विशेष**

### मै फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

### गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की कोशिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को म्रि के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुाों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, म्रि की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विज.ता अभय सिंह, जो भारत के पुरुाों के सिगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

### टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोाणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृा रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोाित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोाित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।



विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीमकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोाणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।

## प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल.काता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों





के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओव.रों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है।

## पंजाब ने कैच टपकाकर मैच गंवाया

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किग्ंस ने आईपीएल 2026 में अब लगातार तीन मैच गंवा दिए हैं, जबकि ग्रुप चरण के पहले हिस्से में टीम अजेय रही थी। उनके इस प्रदर्शन में कैच छोड़ना, इसकी बड़ी वजहों में से एक रहा है। यह समस्या पूरे सीजन बनी हुई है और प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग भी इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि केटी मार्टिन ने कहा कि अब यह एक संक्रमण बन चुका है।

शशांक सिंह बार-बार गलतियां कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लॉकी घ्यर्यूसन और कूपर कॉनॉली भी शशांक के साथ आसान कैच छोड़ने वालों में शामिल हो गए। इन मौकों ने एसआरएच को 235 रन तक पहुंचने और 33 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने





ड्रॉप कैच को इस मैच सबसे बड़ा झटका बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कैच पकड़े गए होते, तो पंजाब शायद 30-40 रन कम का लक्ष्य पीछा कर रही होती। पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना बहुत जरूरी था और हमने ऐसा किया भी। दुर्भाग्य से कैच छूट गए और मुझे लगता है कि इससे हमें नुघ्सान हुआ। उन कैचों को पकड़ना बहुत जरूरी था क्योंकि वे ऐसे खिलाड़ी हैं (ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन) कि अगर आप उन्हें मौका देते हैं तो वे रन बनाएंगे और तेजी से बनाएंगे। मुझे लगता है कि कैच पकड़ लिए जाते तो मैच का मोमेंटम बदल सकता था। नए बल्लेबाज क्रीज पर आते और हम अपनी योजनाओं को ज्यादा असरदार ढंग से लागू कर सकते थे। शायद हम 50 से ज्यादा रन कम देते।

पहला मौका आठवें ओवर में छूटा जब किशन ने घ्यर्यूसन की गेंद पर डीप स्क्वेयर-लेग की ओर शॉट खेला। कॉनॉली गेंद के नीचे अच्छी तरह पहुंचे लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। अगला मौका नौवें ओवर में शशांक ने छोड़ा। यह युजवेंद्र चहल की गेंद पर क्लासेन का आसान कैच था। तीसरा मौका 11वें ओवर में फिर चहल की गेंद पर आया, जब घ्यर्यूसन घइन लेग पर कैच का सही अंदाजा नहीं लगा सके और गेंद निकल गई। उसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने एक मुश्किल स्टंपिग का मौका भी गंवाया।

## लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न, वार्ता।** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितम्बर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुकाबले खेलेगी।

बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुटि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम सितम्बर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुा अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है।

ऑस्ट्रेलिया ए ने पिछले साल सितम्बर-अक्टूबर में भारत दौरा किया था और इससे टेस्ट टीम के संभावित खिलाड़ियों सैम कॉनस्टास, नेथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली को लखनऊ में दो चार-दिवसीय मैच खेलने का मौका मिला था। कॉनस्टास ने पहले मैच में शतक बनाया था, जबकि एक और उभरते सलामी बल्लेबाज कैंपबेल केलावे ने 88 रन और कॉनॉली ने 70 रन बनाए थे। मैकस्वीनी उस मैच में सबसे शानदार खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 74 और नाबाद 85 रन बनाए, हालांकि टीम को पांच विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारत के टेस्ट तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिए थे और अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज केएल राहुल ने 412 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 176 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ए टीम 22 से 25 सितम्बर और फिर 29 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक पुडुचेरी में चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इसके बाद वहीं 6, 9 और 11 अक्टूबर को तीन 50-ओवर मैच खेले जाएंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम 2018 के बाद पहली बार भारत में मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। यह दौरा उन खिलाड़ियों के लिए एक मौका रहेगा।

## नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है।

नेमार ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही, नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं। नेमार ने कहा कि हां, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियां करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी, मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है, आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी स्थिति थी जिसने मुझे परेशान कर दिया, क्योंकि बचपन से ही वह मेरे आदर्श रहे हैं। हमारे आस-पास के लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं जो सच नहीं होतीं, और यह देखकर दुख होता है कि बात इस हद तक बढ़ गई।

## शमास व फिरोजा ने शतक जड़े

**■ पाकिस्तान महिला टीम ने जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज कर वनड़े सीरिज जीती**

**कराची, वार्ता।** सदाफ शमास और गुल फिरोजा ने शतक जड़े, जिससे पाकिस्तान महिला टीम ने वनडे में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर - 343/4 - खड़ा किया। कराची में खेले गए दूसरे वनडे में, एक रिकॉर्ड-तोड़ ओप.निग साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे महिला टीम पर 206 रनों की बड़ी और सीरीज-जिताने वाली जीत दर्ज की। यह महिला वनडे में रनों के लिहाज से पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, पाकिस्तान को शमास और फिरोजा के रूप में तुरंत ही मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला। दोनों ने मिलकर 189





रनों की विशाल ओपनिग साझेदारी की, जिसने जिम्बाब्वे की उस शुरुआती लय को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसकी उम्मीद वे सीरीज में बराबरी करने के लिए कर रहे थे। दोनों ने मिलकर कुल 23 चौके और एक छक्का लगाया, जिससे मेहमान टीम का मनोबल टूट गया। 31वें ओवर में यह साझेदारी टूटने के बाद भी, रन बनाने की रफ्तार में ज्यादा गिरावट नहीं आई। सिदरा अमीन ने सहजता से बल्लेबाजी की, पारी के बीच के हिस्से को संभाला और अपनी नाबाद 59 रनों की पारी से टीम को सही राह पर बनाए रखा। आखिरी ओवरों में रनों की रफ्तार में जबरदस्त तेजी आई: फातिमा सना और आलिया रियाज ने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की, और एक मजबूत नींव को एक विशाल स्कोर में बदल दिया, जिसके साथ पाकिस्तान ने 343/4 के स्कोर पर अपनी पारी समाप्त की। जिम्बाब्वे की रनों का पीछा करने की कोशिश कभी परवान नहीं चढ़ पाई और तीसरे ही ओवर में वे 9 रन पर 2 विकेट गंवा बैठे। हालांकि केलिस न्धलोवु और बिलव्ड बिजा ने तीसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की, लेकिन तब तक जीत के लिए जरूरी रनों की रफ्तार उनकी पहुंच से काफी बाहर हो चुकी थी। पाकिस्तान की गेंदबाजों ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे को कोई भी बड़ी साझेदारी करने से रोक दिया। फातिमा सना ने गेंदबा.जी में शानदार प्रदर्शन किया।

# सम्पादकीय

## अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

## सियासत की अपनी अलग इक जुबां है





निर्मल रानी

जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?

आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. चना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. जगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी






कहकशां

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी।**

आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डडूनांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डडूनांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डडूनांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

## बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल





मितेंद्र कुमार गुप्ता

भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।

**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए

■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विक. सित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलि. का घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटड्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला

बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

### ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेता. वनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

## चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुता. बिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिका. रियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकल. कर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजी. विका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड



■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम

रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विद. ेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवे. दनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।

# कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में

■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए

गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विद. ेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज

■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया

अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)